



पाक्षिक
SINCE 1998
HAPPY दशहरा


# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-10-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 | अंक-08 | भीलवाड़ा/07 अक्टूबर, 2024 | कुल पृष्ठ- 26 | मूल्य : 25 रुपए


























# नवरात्रि से कपड़ों में कारोबार अच्छा होने की संभावना

## साड़ियों की मांग निकली, सूटिंग एवं शर्टिंग में कामकाज अपेक्षा से कम

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**


कपड़ा बाजार में नवरात्रि से ग्राहकी निकलने की आशा है। श्राद्धपक्ष में कारोबार नीरस रहता है। फिनिश कपड़ों का उठाव नहीं होने से ऊँचे भाव पर ग्रे सूती कपड़ों में स्थिरता है। उत्पादन केंद्रों पर कपड़ों का उत्पादन भी नहीं बढ़ रहा है। कपड़ा बाजार में आर्थिक संकट बना हुआ है, तथापि कपड़ा कारोबारियों को विश्वास है कि नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों की ग्राहकी बाजारों में अच्छी रहेगी और कपड़ा बाजारों में रौनक लौटेगी। एक ओर स्थानीय स्तर पर कारोबार कम हो गया है, तो दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर निर्यात मांग घटने के कारण बाजारों में इन दिनों में जैसा कारोबार होता है, वैसा नहीं हो रहा है। कपड़ों में कारोबार बढ़ने की उम्मीद से रिटेलर्स की नये उत्पादों की मांग सीमित दायरे में बढ़नी शुरू हो गई है। थोक स्तर पर हलचल शुरू हो गई है। रिटेलर्स बहुत जरूरी वैरायटी में ही कामकाज कर रहे है। बाजार में फिनिश कपड़ों का स्टॉक अधिक नहीं होने और 15 नवम्बर से वैवाहिक सीजन शुरू होने जा रहा है, इसलिए कपड़ों की ग्राहकी में सुधार की अपेक्षा से नई विकसित वैरायटी की मांग धीरे-धीरे बढ़ रही है। कपड़ा कारोबारियों को लगता है कि इस बार वैवाहिक सीजन की अवधि लंबी है, इसलिए इस दौरान कपड़ों में अच्छा कारोबार होने की उम्मीद की जा रही है। थोडा संशय महाराष्ट्र में होने जा रहे चुनाव को लेकर है।

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष वैवाहिक सीजन में कपड़ों में कारोबार बहुत अच्छा होने की आशा है। बाजारों में साड़ियों की मांग निकली है। सूटिंग एवं शर्टिंग में थोड़ा कामकाज होने लगा है। कारण यह है कि 15 नवम्बर से शुरू हो रहे सीजन के पहले ही 30 दिनों में देशभर में शादियों के लिए मुहूर्त की भरमार है। रिटेलर्स के लिए सिरदर्द ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है, जिनकी ओर से दीपावली पूर्व भारी डिस्काउंट देने का ऑफर कर ग्राहकों को अपनी ओर खींचना शुरू कर दिया है। इनका ऑफर 27 सितम्बर से शुरू हो गया है। फैशन और ट्रेंडी क्लोदिंग पसंद करने वाले युवाओं की खरीदी इस ओर बढ़ सकती है। कपड़ों में निर्यात को लेकर दुविधा की स्थिति बनी हुई है। वैश्विक स्तर पर जिस तरह की अस्थिरता और युद्ध का माहौल चल रहा है। यदि इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ता है, तो इसकी चपेट में कई देशों की अर्थव्यवस्था आ सकती है। रूस और यूक्रेन का अभी तक कोई समाधान नहीं निकल सका है। शेषांश पृष्ठ 10 पर...






























## स्टिचिंग मशीन से फैब्रिक कटिंग तक एक ही नाम

# JBN INTERNATIONAL






भीलवाड़ा/ स्थानीय वस्त्र मण्ड़ी में विगत 8 वर्षों से गारमेन्ट मशीनरी सेगमेन्ट में डीलरशिप का कार्य कर रही फ र्म JBN INTERNATIONAL एक जाना पहचाना नाम है। फ र्म के डायरेक्टर श्री कालू राय सेन ने बताया कि हम ग्राहक को विश्वसनीयता के साथ अपने उत्पाद की ब्रिकी करते हैं। जिसमे हमारे यहाँ जूकी कम्पनी, जैक कम्पनी एंव ब्रदर कम्पनी की स्टिचिंग सशीन से लेकर फैब्रिक्स कटिंग तक की मशीन हमेशा उपलब्ध रहती है। साथ ही श्री सेन ने बताया कि हम गारमेन्ट फर्निचर में सेन्टर टेबल, फिनिंशिंग टेबल एंव चैकिंग टेबल का भी विपणन करते हैं। मशीनों द्वारा फॉर्मल पेंट, ट्राउजर, शर्ट्स, टी-शर्ट एवं लोवर इत्यादि उत्पाद निर्मित होते हैं। साथ-ही फर्म ऑल टाइप मशीनरी स्पेयर पार्ट्स भी उपलब्ध कराती है। श्री सेन ने बताया कि फर्म पुरानी मशीन भी वाजिब दाम में परचेज करती है। फर्म के पास ऑल टाइप फैब्रिक स्टिचिंग मशीनें हमेशा उपलब्ध रहती है। फर्म का व्यापार पूरे भारतवर्ष में वृहद स्तर पर होता है।




## चुनरी, पोशाक और वेलवेट की जोरदार मांग

**सतना/ बलराम शुक्ला...** शहर के आस पास प्रमुख दो ऐतिहासिक तीर्थस्थान है जिनका धार्मिक और पौराणिक महत्व है एवं पर्यटन की दृष्टि से सुकून वाले स्थान माने जाते हैं। हम बात कर रहे हैं सतना लगे चित्रकूट की, जो सतना से मात्र 78 किलोमीटर की दूरी पर है। भगवान श्रीराम वनवास के दिनों में यहां साढ़े ग्यारह वर्ष रहे थे। वहां पर प्रसिद्ध स्थान सती अनुसुइया जी हनुमान धारा कामतानाथ जी का मंदिर है वहां पर चुनरी की बहुत डिमांड रहती है। दूसरा स्थान सतना से 35 किलोमीटर दूर माता शारदा का मंदिर है। नवरात्रि के महीने में दो लाख से ज्यादा लोग रोज दर्शन करने आते हैं और माता को चुनरी अर्पित करते हैं। तीसरा स्थान अभी बागेश्वर धाम का हो गया है। सतना मैहर में चुनरी का, रूमाल का, नारियल का करोड़ों रुपए का व्यापार है। चुनरी की सेल का प्रायः लोगों को अनुमान नहीं होगा लेकिन नवरात्रि में एक एक व्यापारी 30 से 35 लाख का व्यापार करता है। भगवान की पोशाक की लिए वेलवेट की भी बहुत मांग है।




## शहर में ऊनी वस्त्र विक्रेताओं का आना शुरु

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

वातावरण में अभी गर्मी बरकरार है इसके बावजूद शहर में लगने वाले अस्थाई ऊनी बाजार के विक्रेताओं का आना शुरू हो गया है। सर्दियों में शहर के समोरबाग में सबसे बड़ा ऊनी बाजार तिब्बतियन विक्रेताओं के द्वारा प्रतिवर्ष लगाया जाता है। सितम्बर के अन्तिम सप्ताह में करीब करीब सभी वस्त्र विक्रेता आ जाते हैं। किन्तु इस वर्ष अभी सर्दी पड़ने में देरी को देखते हुए विक्रेताओं का आना जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दशहरे तक सभी अपनी दुकानें बाजार में लगा देंगे और बाजार शुरू हो जाएगा। इससे पूर्व ये लोग अपने अपने रहने का बन्दोबस्त करेंगे, ट्रांसपोर्ट से माल यथा स्थान पहुंचाएंगे और बाकी सभी कार्य निपटाएंगे। इसी तरह से यूपी और लुधियाना के और अन्य जगहों से आने वाले ऊनी वस्त्र व्यापारी भी सर्दी के सीजन में लगने वाले बाजारों की रूपरेखा तैयार करने में लगे हैं। रही बात स्थानीय ऊनी वस्त्र विक्रेताओं की तो उन्होंने भी अपने प्रतिष्ठानों पर माल का भरपूर स्टॉक मंगवा लिया है, बस अब सर्दी पड़ने का इन्तजार कर रहे हैं। हालांकि अधिकांश वस्त्र विक्रेता सभी तरह का माल रखते है इसलिए अगर सर्दी कुछ दिन और नहीं पड़ेगी तो भी उन्हें किसी प्रकार की चिन्ता नहीं रहेगी।

## त्योहारी एवं वैवाहिक सीजन अच्छा चलने की संभावना

**मुजफ्फरनगर / अजय कुमार सिंघल**

आलोच्य अवधि में मुजफ्फरनगर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रमुख कपड़ा मार्केट्स में पितृ पक्ष की समाप्ति और त्योहारी सीजन के आरम्भ होने पर सामान्य सी दिखने वाली गतिविधियां है। नए सीजन के लिए थोक व्यापारियों ने जबरदस्त तरीके से नई नई वैरायटियों को संजोया है। किन्तु थोक में अभी हल्की-हल्की बिक्री ही चल रही है। झटके वाला काम अभी सामान्य तौर पर नहीं है, मध्यम पार्टियों से पेमेंट की आमद भी अभी भरपूर नहीं है, पिछली लेट पेमेंट वाली पार्टियों को भी थोक विक्रेता आंख बंद करके अब माल देने को तैयार नहीं है। किन्तु अब अच्छे दिन आएंगे, इस पर भरोसा कायम है।

मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित सुप्रसिद्ध व्यापारियों सर्व श्री विनोद डाबर, मनोहर लाल, संजीव गोयल, गुलाटी जी, राजेश ग्रोवर, अमित सिंघल, आशीष सिंघल, घनश्याम पालीवाल, अनिल नामदेव, विजय तागरा, पवन बत्रा, अशोक छाबड़ा, सुदर्शन खरबंदा, अमृत राठी, लक्ष्मण रस्तौगी, देवेंद्र गर्ग, वैभव खन्ना, के पी त्यागी के अनुसार अब आगे त्योहारी सीजन, लगन सावा मुहूर्त की बिक्री लम्बे समय तक अच्छी चलने की प्रबल संभावना है।



















# सागर शोरूम पर दीपावली स्कीम

## ढेर सारे ईनाम-आपके नाम

**सीकर/ राजकुमार शर्मा**

शहर के स्टेशन रोड तापड़िया बगीची के पास शेखावाटी का यह पहला शॉप एवं शॉप कन्सेप्ट वाला पूर्णतया वातानुकूलित शोरूम है। इसमें 25 से अधिक ब्रांड उपलब्ध है। तबेला गेट स्थित सागर शोरूम में कम्पलीट फैमली वियर कलेक्शन नई वैरायटी के साथ उपलब्ध है। सीकर में सागर की कई ब्रांच अलग अलग जगहों पर चल रही है। जिन पर दीपावली स्कीम का लाभ ग्राहकों को दिया जा रहा है।




श्री लक्ष्मीकांत बियाणी ने बताया कि दीपावली के अवसर पर सागर शोरूम लक्की ड्रॉ कूपन में पांच सौ ज्यादा ईनाम निकाले जायेगे। जिसमें ग्राहक मात्र तीन हजार रूपये की एक मुश्त खरीद पर लक्की ड्रॉ कूपन प्राप्त कर सकता है। योजना दिसम्बर 24 तक लागू है। लक्की ड्रॉ कूपन जनवरी 2025 में निकाला जायेगा। इसमें कार, फ्रीज, एलईडी, वॉशिंग मशीन, कूलर, मोटर साइकिल एवं अन्य ढेरों ईनाम शामिल है। बियाणी ने बताया कि सागर शोरूम की फ्रेन्चाइजी राजस्थान के कोने कोने में खोली जायेगी। सीकर जिले में इसकी शुरूआत कर चुके हैं। जिससे ग्राहक हर जगह नई वैरायटी के साथ पूरे परिवार के लिए खरीददारी कर सके।

श्री बियाणी ने बताया कि इस बार सीजन की ब्रिकी अच्छी निकलेगी। नवरात्रा से शुरू होकर दीपावली तक, दीपावली से सावों की सीजन में जोरदार ग्राहकी रहेगी। इस समय सीकर शहर में पांच स्थानों पर सागर शोरूम चल रहे हैं। इसके अलावा जयपुर के विद्याधर नगर में सागर शोरूम चल रहा है। सागर के विस्तार के सबंध में बियाणी ने बताया कि अब सागर के विस्तार के लिए आउटलेट खोले जा रहे हैं। अभी सीकर जिले के लोसल कस्बे से शुरूआत की गई है। लोसल में ग्राहकों की पहली पसंद सागर शोरूम बनता जा रहा है। सभी तरह की वैरायटी उपलब्ध है। इसी तरह पहले सीकर जिले को कवर करते हुए सभी कस्बे स्तर पर सागर शोरूम की ब्रांच खोली जा रही है। इसके बाद सीकर के आसपास के जिलों के बाद राजस्थान के प्रत्येक कस्बे स्तर पर योजना चल रही है।






# डाईफैब प्रेशर टेक्नोलॉजी इंडिया प्रा. लि.

## द्वारा टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए स्टेनको लेंथ मशीन की लॉन्चिंग

**भीलवाड़ा**

टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए प्रोसेस हाउसों में मशीनरी सप्लाई के लिए प्रसिद्ध कंपनी डाईफैब द्वारा 3 अक्टूबर को नवरात्र के अवसर पर स्टेनको लेंथ मशीन की लॉन्चिंग की गई। कंपनी के ओनर श्री महावीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक नवरात्र में कंपनी प्रांगण में माताश्री का पूजन एवं प्रसादी का आयोजन किया जाता है लेकिन इस बार हमारे आदर्श स्व. श्री संजय सरीन का जन्मदिन होने से श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए।

इस दौरान इसी तारीख को उनका जन्मदिन होने पर केक काटकर उनकी यादो को सम्प्रति में सहेजा गया। श्री सिंह ने कहा कि उनका योगदान हमारे लिए जीवन पर्यंत आदर्श के रूप में रहेगा एवं उनके बताए मार्ग पर हम निरंतर इस क्षेत्र में बेहतर क्रिएशन करेंगे। गौरतलब है कि पिछले 10 वर्षों से यह कंपनी ग्रोथ सेंटर स्थित अपने प्लांट में इंडस्ट्री के लिए उपयोगी मशीन यहीं पर उत्पादन कर रही है, जो भीलवाड़ा ही नहीं बाहर भी कई वस्त्र उत्पादक मंडियों में सप्लाई की जा रही है। इस अवसर पर स्व. श्री संजय सरीन के सुपुत्र श्री मोहित सरीन, पूर्व टेक्निकल चीफ श्री



पुनीत सिंह, यार्न सप्लायर श्री अनिल परवाल, श्री गौरव त्रिपाठी संगम इंडिया, श्री गोपाल राठी संदीप हुंडई, गिरीश गुप्ता सल्ज़र प्रोसेस, श्री अरुण सिंह एके प्रोसेस, श्री रवि शंकर सोना प्रोसेस, श्री अजय सिन्हा जानकी कॉर्प इत्यादि कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की।



Stanko Lathe Machine have fully hydraulic based heavy duty machine. In roll grinding 100% Comring accuracy, material shining in minimum time, compare to old machine pattern in grinding roll life are increase because of high RPM of machine have sharp & smooth & minimum material cutting & Roll better performance. After roll grinding generally overlop process have taken minimum 40 to 48 hour but our new machine grinding roll have taken only maximum 10 to 12 hour in overlap process.

# वेस्टर्न जोन के नम्बर वन डिस्ट्रीब्यूटर का अवॉर्ड महावीर टेक्सटाइल्स को



मुंबई/ 1988 से यूनिफॉर्म फैब्रिक सेगमेंट में कार्यरत फर्म महावीर टेक्सटाइल्स का महाराष्ट्र राज्य में जाना पहचाना नाम है। हाल ही में वस्त्र उद्योग की अग्रणी कंपनी मफतलाल इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा मुंबई क्रूज में ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सोलापुर के नामचीन महावीर टेक्सटाइल्स को ऑल इंडिया में सर्वाधिक बिक्री हेतु वेस्टर्न जोन के नंबर वन डिस्ट्रीब्यूटर का अवार्ड कंपनी के सीईओ श्री एम बी रघुनाथ द्वारा श्री विजय डाकलिया को दिया गया। श्री डाकलिया ने बताया कि हम अपने वस्त्र निर्माता और व्यापारियों के अटूट विश्वास एवं समर्थन के लिए दिल से आभारी है। साथ ही पूरी महावीर टेक्सटाइल्स टीम, जी फैब्रिक व मफतलाल टीम को भी उन्होंने कोटि-कोटि धन्यवाद दिया।




# मान्यवर सिल्क मिल्स एवं फैशन क्यू टेक्स प्रा. लि. के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी



श्री मुकेश जागेटिया, डायरेक्टर
मान्यवर सिल्क मिल्स एवं फैशन क्यू प्रा. लि.

भीलवाड़ा/ स्थानीय वस्त्र मंडी भीलवाड़ा में विगत दिनों कपड़े के होलसेल एवं रिटेल फर्म पर कई वर्षों से कार्य कर रहे कर्मचारियों द्वारा करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया। यह जानकारी देते हुए मान्यवर सिल्क मिल्स एवं फैशन क्यू प्रा. लि. के डायरेक्टर श्री मुकेश जागेटिया ने बताया कि दोनों फर्म में कार्यरत भंवर सिंह कानावत, निर्मल विश्नोई, शुभम मंत्री, हरि सिंह राठौड़, अनिल कुमार जाट, अश्विन कुमार विश्नोई व राजेश टेलर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

श्री जागेटिया का कहना है कि कर्मचारियों में सांठ-गांठ कर प्रतिष्ठानों पर बिकने वाले कपड़े की राशि अपने खाते में फर्जी तरीके से जमा करा ली। साथ ही कैश बुक में भी हेरा-फेरी की।

श्री जागेटिया का कहना है कि लॉकडाउन के बाद यह प्रक्रिया चालू हो गई थी, जब उन्हें शर्टिंग कारोबार को बढ़ाने के लिए लम्बे अंतराल तक मुम्बई रहना पड़ता था। इस दौरान कर्मचारियों ने उनकी अनुपस्थिति में इस प्रकार का हेरा-फेरी का कार्य किया, जिससे टेक्सटाइल व्यापार वर्ग में उनकी प्रतिष्ठा को चोट पहुंची। श्री जागेटिया का कहना है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द इस कार्रवाई को पूर्ण कर इस मसले का निपटारा करे।

# लम्बी वीरानी के बाद उत्साह का माहौल

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**

नवरात्र के साथ ग्राहकी का प्रकाश चंहुओर औद्योगिक क्षेत्र में परिलक्षित होने लगा है। वीरानी की लंबी घड़ियों के बाद उत्साह का वातावरण हिलोरे लेने लगा है। जिस आशा ने उद्यमियों को भरोसे पर रखा था, वो मूर्त रूप में प्रकट होने को आतुर लग रही है। दिसावरी मंडियों में भले ही ग्राहकी का अभाव हो, परंतु व्यापारियों की मांग निरंतर जोर पकड़ती नजर आ रही है। सबसे बड़ी बात ये है कि व्यापारी माल तुरंत चालानी के साथ चाहते हैं। दशहरा तथा दिवाली के कारण उनकी दरकार समयानुसार सही और दुरुस्त है। विश्व में युद्ध की हुंकार से असर तो पड़ता ही है, इसी कारण एक व्यापारी आधा माल ही खरीद कर संतोष करता दिख रहा है। युद्ध को कोई अच्छा मानवीय



दृष्टिकोण नहीं बताता, तथापि अहम के कारण हमलावरों को अपने ध्येय के अलावा कुछ नहीं सूझता। युद्ध का असर किसी न किसी रूप में सर्वत्र पड़ता ही है। युद्ध को टालने के लिए भी जागरूक देश चेष्टारत हैं। इस समय शेयर बाजार की गति तेज होने से सभी इसकी ओर आकर्षित हुए प्रतीत दिखाई पड़ते है। बिना श्रम के लाभार्जन हेतु हर वर्ग के लोग इस ओर खिंचे चले आते हैं। इससे बाजार में रकम होते हुए भी व्यापारिक चलन से परे ही रहती है। यद्यपि अभी माल गुड्स चाहने वाले भावों के बारे में भी खींचतान नहीं करते और रंगाबेजी के बारे में भी सामंजस्य बैठा देते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि वर्तमान में श्रमिकों की भारी कमी के चलते उत्पादन बहुत कम आ पा रहा है। प्रोसेस के हर स्टेज पर विलंब ही विलंब हो रहा है। पोपलीन, पेटीकोट, रूबिया, अस्तर, पोकेटिंग क्लॉथ, साड़ी फॉल, शर्टिंग, नाइटी क्लॉथ, नाइटी, सलवार सूट, बेबी सूट, लिजिबिजी, रेयॉन के साथ हस्त निर्मित दुपट्टा व अन्य उत्पादों की डिमांड बेहतर बनी हुई है। बताया जाता है कि उत्पादकों के पास प्रायः सारे के सारे गोडाउन खाली हो चुके हैं।





TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Tessitura Monti India Pvt.Ltd. BORN IN ITALY 1911

@TESSITURAMONTI.INDIA

Factory & Registered Office :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer,
Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra.
INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027,
INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

Auth. Distributors : Maharashtra & Gujarat - M/s Yuana Fashion, Mumbai - Mr. Sachin -9820041644 TamilNadu - M/s Bajarang Clothing, Chennai - Mr. Rajnish - 9925960001
Karnataka & Kerala - M/s Vogue Vastra, Bangalore - Mr. Vicky -9886393460

For Distributorship Enquiry In Unrepresented area : +91 97028 39191

European Flax. Premium linen fibre


अब बारिश को करो एन्जॉय, दाग धब्बों से डरे बिना।
Sparsh-Fab
UNIFORM FABRIC
THOUGHTFUL UNIFORMS
कैसे ?
3X COOL
इनोवेटिव फैब्रिक से!
भारत एक ट्रॉपिकल देश है जहाँ दिनभर यूनिफॉर्म पहनना एक टास्क है। इस समस्या का समाधान है 3X Cool फैब्रिक। प्रिय साथियों ! क्या आपको इस मैजिकल फैब्रिक के बारे में जानकारी है? स्पर्श-फैब को विश्वास है कि यह एक रेवोल्यूशनरी खोज है जो न केवल यूज़र्स को कम्फर्ट प्रदान करेगी, बल्कि बिज़नेस में भी पहली पसंद होगी। इसकी तीनो खूबियाँ इसे एक चहेता विकल्प बनाते है। यदि आप को इस इनोवेटिव फैब्रिक के बारे में अधिक ज्ञानकारी चाहिए तो बेझिझक हमें संपर्क करे।
सॉइल रिलीज़
दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, क्लीनिंग को बनाये आसान
चैक्स और लाइनिंग में 36 पन्ने में तैयार स्टॉक
डिमांड करने पर अन्य डिज़ाइन में भी उपलब्ध
डायनामिक ड्राइंग
मॉइस्चर को सोखे, कपड़े को तुरंत सुखाए, आपको रखे चुस्त और तंदुरुस्त.
एंटी स्टेटिक
स्टेटिक बिल्डअप को अवरोध करने वाला कपड़ा सुरक्षित, टिकाऊ तथा आरामदेह
एक फैब्रिक जो पहनने वालों को रखे कम्फर्टेबल दिनभर और
आप को रखे व्यवसाय में अग्रसर।
एक ऐसा फैब्रिक जो 10 सेकण्ड्स में सोखे पसीना, दाग-धब्बे और धूल-मिट्टी को जमने न दे, कपड़ा जो हो सुरक्षित और टिकाऊ.
स्पर्श फैब जो हमेशा कटिबद्ध रहा है। अपने सभी सहयोगी व्यापारियों की प्रगति के लिए हम उसी तरह वचबद्ध हैं। हमारे सभी उपभोक्ताओं के प्रति भी भारत एक उष्ण कटिबंधीय प्रदेश है जहाँ औसतन तापमान ३३ अंश होता है। ऐसे में पूरे दिनभर एक ही यूनिफॉर्म पहने रहना तकलीफ तथा असुविधाजनक हो सकता है। हम ऐसी परिस्थितियों पर हमारे रिसर्च एण्ड डवलपमेंट डिपार्टमेंट में निरंतर अभ्यास करते है, इसके चलते हमने एक नए आविष्कार को सांझा किया है 3X COOL यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पसीने को केवल 10 सेकण्ड में सोखता है, तो उपभोक्ता को चिपचिपेपन से राहत मिलती है और वह फ्रेश महसूस करता है। इस ट्रीटमेंट की वजह से कपड़े पर धूल-मिट्टी जमने में अवरोध होता है जिसकी वजह से कपड़ों का क्लीनिंग और मेंटेनेंस आसान होता है। इस कपडे में स्थायी ऊर्जा पैदा नहीं होती और उपभोक्ता को चुभन से राहत मिलती हैं, जिससे वह आराम तथा सुकून का अनुभव करता है।
स्पर्श का यह कपड़ा चैक्स और स्ट्राइप्स के 36 पन्ने में उपलब्ध है। विशेष मांग पर अन्य डिज़ाइन में भी यह उपलब्ध हो सकता है, पर सबसे आनंददायक बात यह है कि ये कपड़ा उसी दाम में उपलब्ध है। इस विशेषता के होने से हमारे व्यापारी प्रतिस्पर्धी व्यापारियों से आगे रहेंगे और उन्हें ऑर्डर पाने में आसानी होगी, तो आइये इस नए वर्ष में अधिकाधिक व्यापार करें और इस नए वर्ष 2024 को एक सफल और खुशहाल वर्ष बनायें।
नया वर्ष नयी उम्मीदों और सफलताओं से भरा हो,
नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ।
यह फीचर कैसे काम करता है यह जानने के लिए स्कैन करें
फ्री 3X Cool फैब्रिक के सैंपल के लिए या आपके ऑर्डर के लिए सम्पर्क :
98 20 20 79 53
74 20 02 40 89


D.BADAMI
Digital Collection 2024-25 | Exclusive men shirting fabrics
For trade/corporate inquiries: info@dbadami.com
group.dbadami.com
A unit of Dhingar Silk Mills. Since 1961.
Instagram @dbadamiofficial
Mumbai, India


J.HAMPSTEAD
WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL
A DIFFERENT LEAGUE
BEYOND EXTRAORDINARY
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior | Lucknow
Also, available at all the leading retail outlets and Siyaram's shops across the country.
For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.
Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on:

## गौरव सिन्थेटिक्स





**पटना/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में विगत 40 वर्षों से होलसेल व्यवसाय कर रही गौरव सिन्थेटिक्स एक जाना पहचाना नाम है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री संजय बिदासरिया ने बताया कि कम्पनी सूटिंग-शर्टिंग, लेडीज सूट एवं साड़ी का होलसेल व्यवसाय कर रही है। श्री बिदासरिया के युवा पुत्र श्री शेखर बिदासरिया एवं श्री हर्ष बिदासरिया फर्म को अपनी कार्यकुशलता एवं कर्त्तव्य परायणता से सफलता की ओर अग्रसर किये हुए है। श्री बिदासरिया ने बताया कि कम्पनी सूटिंग सेगमेण्ट में रेमण्ड, लिनन क्लब, सियाराम, अरविन्द, एब्सोल्यूटो, अशविरा, श्री विष्णु, गिन्नी, सोक्टास जैसे नामचीन ब्राण्ड्स का एवं साड़ी सेगमेण्ट में विशाल, सुभाष, रेसील्युक, जगदम्बा, सेजल, अनुश्री, कृष्णा गंगा, हरिगंगा, शुभहरि, केशव प्रिया, कलाश्री, अम्बिका, मिलेनियम, लाइफ स्टाइल, कुन्दन, सृष्टि तथा लेडीज सूट सेगमेन्ट में ट्विंकल, पूजा, राधे ट्रेण्डस, बिंदास, जे. डी., के. सुरेश कुमार एवं गौरी जैसे प्रख्यात ब्राण्ड्स का होलसेल व्यवसाय कर रहे हैं। फर्म मुम्बई, सूरत, भीलवाड़ा, अहमदाबाद एवं कलकत्ता के सप्लायर से उत्पाद लेकर पटना एवं आसपास के क्षेत्रों में विपणन कर रही हैं।

GS SINCE 1987
GAURAV Synthetics
WHOLESALE CLOTH MERCHANT
GAURAV SAREE
WHOLESALE SAREE MERCHANT
3rd Floor, Bankipur Hari Sabha Commercial Complex, Sabjibagh
Near Ashok Raj Path, Patna - 800 004, Mob: 9431017037
Email: gauravsynthetic@gmail.com | gauravsareepatna@gmail.com

## विंध्यवासिनी टेक्सटाइल्स

**पटना/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में 1997 से होलसेल व्यापार कर रही फर्म विंध्यवासिनी टेक्सटाइल्स जाना-पहचाना नाम है। फर्म के संस्थापक श्री कन्हैया लाल डालमिया ने बताया कि फर्म में मुख्यतः सूटिंग-शर्टिंग व कुर्ता पायजामा का होलसेल व्यापार वृहद स्तर पर हो रहा है। श्री डालमिया के पुत्र श्री अमित एवं श्री आदित्य डालमिया ने बताया कि फर्म में सूटिंग-शर्टिंग, कुर्ता पायजामा व मार्किंग, गमछा लुंगी का कार्य हो रहा है। फर्म नामचीन ब्राण्ड्स का कार्य करती है, जिनमें सियाराम, ओसीएम, शुभलीन, मुरारका, अरविन्द, डोनियर, सिल्क इण्डिया व मफतलाल प्रमुख है। श्री अमित डालमिया ने बताया कि रूबिया, पोपलीन व सीजन के कपड़ों के साथ-साथ आदियोगी के कुर्ते पायजामे की विस्तृत श्रृंखला हमारे यहाँ उपलब्ध है। मुम्बई, भीलवाड़ा, गुजरात, तमिलनाडु, पाली, बालोतरा से माल का आयात कर बिहार में विपणन कर रहे हैं।

## गीता टेक्स



**पटना/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में सन् 1995 में स्थापित फर्म गीता टेक्स सफलता के शिखर पर अग्रसर है। फर्म के डायरेक्टर श्री पवन कुमार नरसरिया ने बताया कि फर्म नामचीन ब्राण्ड्स का कार्य कर रही है। श्री नरसरिया के पुत्र श्री पीयुष नरसरिया ने बताया कि फर्म सूटिंग-शर्टिंग व एथनिक का होलसेल व्यवसाय कर रही है। जिसमें मुख्यतः रेमण्ड, रीड एण्ड टेलर, अरविन्द, जॉर्जियो गुलिनी, अशविरा, लुथाई, लिनन क्लब व सुपर शाइन है। फर्म मुम्बई, भीलवाड़ा से उत्पाद का आयात कर पूरे बिहार में विपणन कर रही है।

Geeta Tex
For Exclusive Suiting & Shirting Sherwani
Raymond FINE FABRICS SINCE 1925
Shop- F- 80-81, 1st Floor, Khetan Supr Market, Birla Mandir Road, Patna-04
Pawan: 93341 12306 | Piyush : 91991 05770

## संजय टेक्सटाइल्स



**पटना/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में सन् 1999 से होलसेल व्यवसाय में अग्रणी है। फर्म एक जाना पहचाना नाम है। फर्म के डायरेक्टर श्री नन्द किशोर नरसरिया ने बताया कि फर्म सूटिंग-शर्टिंग सेगमेंट में होलसेल व्यवसाय कर रही है। श्री नरसरिया के युवा पुत्र श्री संजय नरसरिया एवं श्री शंकर नरसरिया ने बताया कि फर्म यूनिफॉर्म एवं फैन्सी फैब्रिक्स का होलसेल व्यवसाय कर रही है, जिसमें मुख्यतः क्यूमैक्स, वालजी, सुपर शाइन, सोलर, स्पर्श फैब, जेसीटी, मफतलाल, सियाराम एवं रीड एण्ड टेलर ब्राण्ड्स के साथ ही फर्म मुम्बई, सूरत, अहमदाबाद, भीलवाड़ा से उत्पाद लेकर पटना के आस-पास अपने व्यापार का विपणन कर रही है।

SANJAY TEXTILES
WHOLESALE DEALER OF ALL KINDS OF FANCY SAREES
Reid & Taylor BOND WITH THE BEST
Authorised Wholesale Dealer
Siyaram's FABRIC TO FASHION PREMIUM SUITING & SHIRTING
SHANKAR: +91 9334116083 | SANJAY: +91 9934081191
F-110-112, Khetan Super Market, Birla Mandir Road, Patna- 04, Mob.: 93341-16083 | Ph.: 0612-2675325

## अजयश्री



**पटना/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में 1970 से होलसेल व्यवसाय कर रही फर्म अजयश्री एक जाना-पहचाना नाम है। फर्म के डायरेक्टर श्री मदन गोपाल अग्रवाल ने बताया कि फर्म सूटिंग-शर्टिंग का कार्य करती है, जिसमें रेमण्ड, रीड एण्ड टेलर, सियाराम, बी.एस.एल., अरविन्द, विमल, सल्जकोन, एवं ओसवाल प्रीमियम का यूनिफॉर्म एवं फैन्सी फैब्रिक्स सेगमेण्ट में होलसेल व्यापार कर रही है। फर्म अहमदाबाद, मुम्बई व भीलवाड़ा से उत्पाद खरीद कर पूरे बिहार में विपणन कर रही है।

Ajayshree TEXTILE
Wholesale Stockist: Kelivn Silk Mills, Mumbai Cotton County Ludhaiana (Punjab)
Ashok Rajpath (Opp. Adalt Gate) Patna - 800 004,
Mob.: 9334117101 | 6205847261 | Email: ajayshreetextile@gmail.com

## पी.के. सिन्थेटिक




**पटना/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में विगत 35 वर्षों से होलसेल व्यवसाय कर रही फर्म सफलता की ओर अग्रसर है। फर्म के डायरेक्टर श्री पवन कुमार लुहारूका ने बताया कि वे सूटिंग-शर्टिंग व यूनिफॉर्म सेगमेन्ट के हर ब्राण्ड का सफलतम व्यापार कर रहे हैं। श्री लुहारूका के पुत्र श्री अंकित लुहारूका ने बताया कि वे होजरी, टी-शर्ट एंव ट्राउजर का भी व्यापार वृहद स्तर पर कर रहे हैं। साथ ही स्पर्श फैब, वाल्मीकि, क्यूमैक्स, मफतलाल, एस. कुमार्स, रेमण्ड, शुभटेक्स, प्रभुजी, शुभलीन, सत्कार, श्रेयम, सीमा, सुपरशाइन, जैसे ब्राण्डेड उत्पादों का व्यापार कर रहे हैं। मुम्बई, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, सेलम व इचलकरंजी के उत्पाद झारखण्ड, बिहार व यूपी से विपणन कर रहे है।

Peekay Synthetics
Wholesale Dealer Of All Kinds Of Shirting Suiting & Hosiery Materials
Reid & Taylor BOND WITH THE BEST
PAWAN :- 9334114048
ANKIT :- 9931556489
F-110-112, Khetan Super Market,
Birla Mandir Road, Patna- 04, Ph.: 0612-6688404

## श्री अम्बे फैशन




**सूरत/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में साड़ी सेगमेण्ट में 2010 से कार्य कर रही फर्म श्री अम्बे फैशन जाना पहचाना नाम है। फर्म के डायरेक्टर श्री कैलाश शर्मा व श्री मुकेश शर्मा ने बताया कि फर्म के साड़ी सेगमेण्ट मे प्रिन्टेट साड़ियाँ व कैटलॉग क्वालिटी व विस्तृत रेंज की जॉर्जेट, वेटलेस पैटर्न, सिल्क एवं फैन्सी साड़ियां जिनमें आईकॉनिक, फैमिलीग्रुप, रिद्धिमा व लाडली जैसी अनेक रेंज हमेशा उपलब्ध रहती है व मार्केट के अनुसार उत्पाद बनाकर फर्म पूरे भारतवर्ष में अपने उत्पाद की सप्लाई कर रही है।

KAILASH SHARMA
+91 93280 10551
MUKESH SHARMA
+91 99136 68490
श्री Ambey FASHIONS
"नया पहनावा, नई सोच"
Sales: C-3273-74, 1st Floor, 08-09 Lift No., Raghukul Textile Market, Ring Road, Surat-02
Email: shreeambey 10551@gmail.com

## श्रीराम फैब्रिक्स





**पटना/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में वर्ष 1982 से होलसेल व्यवसाय कर रही फर्म श्रीराम फैब्रिक्स ने सफलता का नया आयाम स्थापित किया है। फर्म के संस्थापक श्री महेन्द्र राजगढ़िया ने बताया कि फर्म फैन्सी सूटिंग-शर्टिंग का होलसेल व्यवसाय कर रही है। श्री राजगढ़िया ने बताया कि फर्म द्वारा अरविन्द, विमल, कडिनी व रमेश शर्टिंग का मुख्यतया व्यवसाय हो रहा है। फर्म मुम्बई से लेकर पूरे बिहार तक विपणन कर रही है।

SHREE RAM FABRICS
DISTRIBUTORS FOR
VIMAL | ARVIND | CADINI
REID & TAYLOR | RAYMOND
F-82, 83 Khetan Super Market, Birla Mandir Road, Patna - 4
Ph.: 0612-2675305 | 93346 38949 | Email: srf_pat@rediffmail.com




## आनन्द कुमार अमित कुमार



मुजफ्फरपुर/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में होलसेल व्यवसाय कर रही फर्म आनन्द कुमार अमित कुमार वर्ष 1995 से ही सफलता की ओर अग्रसर है। फर्म के डायरेक्टर श्री अनिल कुमार एवं श्री अमित कुमार ने बताया कि फर्म सूटिंग-शर्टिंग के साथ-साथ पोपलीन का व्यापार वृहद स्तर पर कर रही है। श्री अमित ने बताया कि फर्म विमल, केयर जोन, बजाज फैब, ब्राइट स्टाइल, विमल जैसे नामचीन ब्राण्ड्स का कार्य मुम्बई, भीलवाड़ा, पाली, बालोतरा, इरोड़ का लठ्ठे का वृहद स्तर पर कार्य कर रही है। फर्म मुजफ्फरपुर के आस-पास अपना होलसेल व्यवसाय कर रही है।

## गोवर्धन एजेन्सीज



**मुजफ्फरपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में विगत 50 वर्षों से एजेन्सी व्यवसाय कर रही गोवर्धन एजेन्सीज विस्तृत कार्य कर रही है। एजेन्सी के संस्थापक श्री श्रवण कुमार मोदी अपने मिलनसार व्यक्तित्व, कार्यकुशलता व कर्त्तव्यनिष्ठा से एजेन्सी का कुशल नेतृत्व कर रहे हैं। श्री मोदी के सुपुत्र श्री रवि मोदी व श्री विजय मोदी पिता के व्यवसाय में बराबर हाथ बंटाते हैं। श्री मोदी ने बताया कि सन् 1947 की आजादी की लड़ाई में मेरे पिता स्व. श्री सोहन लाल मोदी 1942 में जेल गए थे। उन्हें सम्मान पत्र के रूप में केन्द्र सरकार द्वारा ताम्रपत्र भेंट किया गया। श्री मोदी ने बताया कि वे सूटिंग-शर्टिंग, साड़ी, ड्रेस मटीरियल, पोपलीन, रूबिया, टॉवेल एवं बालोतरा के नामचीन सप्लायर्स से पूरे बिहार में कार्य कर रहे हैं।



Govardhan Agencies
Om Shri Vijay Corporation
Cloth Commission Agent
RAVI S. MODI 94312 38503 | 94302 38503
VIJAY S. MODI 99736 77777 |94732 20077
Narayani Tower, Near Neem Ka ped, Sutapatty, Muzaffarpur - 842001
Ph.: 0621-2269662 / 2248147 / 3553796/ Email: skmodimfp@gmail.com

## शिव टेक्सटाइल एजेन्सी



**गया/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में सन् 1946 से एजेन्सी का कार्य कर रही शिव टेक्सटाइल एजेन्सी एक जाना पहचाना नाम है। एजेन्सी के डायरेक्टर श्री शिव शंकर अग्रवाल ने बताया कि वे नामचीन ब्राण्ड्स जिनमें स्पर्श फैब, वी. टेक्स, क्यूमैक्स, बालर-कावेरी व विलन कैलिबर का कार्य कर रहे हैं। जिनमें सात वचन, निर्वाणा, सत्यम्, ओसवाल, उद्यम, अखलेश्वर, श्री माया, सूरत सूटिंग-शर्टिंग व ड्रेस मटीरियल के साथ-साथ साड़ी का भी एजेन्सी व्यवसाय कर रहे है। मुम्बई, सूरत व भीलवाड़ा के सप्लायर्स का कार्य पूरे बिहार व झारखण्ड में कर रहे हैं।

S.T.A.
Shiv Textile Agency
Textile & Readymade (Apparels)
Commission Agent (Indenting Agent)
1st Floor, Lado Rani Collection, Bajrang Market, 14-Tekari Road, Gaya (Bihar) - 823001
Shiv Shankar Agarwal: 9431279411 | 8709523704



# वस्त्र संगम-टेक्सटाइल ट्रेड फेयर
## में इंदौर के शीर्ष 10 होलसेल व्यापारियों का शानदार प्रदर्शन

### मेंस फैशन क्षेत्र के प्रमुख फैब्रिक ब्राण्ड्स का किया भव्य डिस्प्ले
### रिटेलर्स ने कराई अच्छी बुकिंग

**इंदौर/ सत्यप्रकाश**

मध्य प्रदेश राज्य की प्रमुख कपड़ा मंडी इंदौर में विगत 23-24 सितंबर को वस्त्र संगम-टेक्सटाइल ट्रेड फेयर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इंदौर स्थित मेंस फैशन फैब्रिक्स के शीर्ष 10 होलसेल व्यापारियों ने मिलकर इस फेयर में शानदार प्रदर्शन किया। आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन की बुकिंग के लिए आयोजित इस ट्रेड फेयर में देश के मशहूर सूटिंग शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक ब्राण्ड्स का भव्य डिस्प्ले लगाया गया। फेयर में मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि राज्यों के रिटेल व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा आगामी सीजन के लिए जमकर बुकिंग भी करवाई।





**होलसेल व्यापारियों की नई पहल...** वस्त्र संगम-टेक्सटाइल ट्रेड फेयर की परिकल्पना को साकार करने के लिए इंदौर मंडी के 10 टॉप होलसेल व्यापारियों ने मिलकर एक मंच पर सामूहिक डिस्प्ले किया, जो कि कपड़ा व्यापार में नई पहल है, जिसका सबने स्वागत किया है। आमंत्रित रिटेल व्यापारियों को एक ही स्थान पर मेंस फैशन क्षेत्र के पॉपुलर ब्रांड्स का कपड़ा देखने एवं खरीदने का शानदार अवसर मिला, फेयर में अरिहंत फैब्रिक्स, अशोक टेक्सटाइल्स, बीसी टेक्सटाइल्स, बाबूलाल अभय कुमार जैन, केश वस्त्रालय, केश क्रिएशन, केश टेक्सटाइल्स, जैनावत ब्रदर्स, एम.आर. टेक्सटाइल्स, एन.एस. ट्रेडिंग कंपनी, आर.डी. टेक्सटाइल्स, शरद एंड कंपनी, श्री क्रिएशंस, श्री क्रिएशंस NX, सोमिल इंटरप्राइजेज, योगेश कंपनी, सनी टेक्सटाइल्स आदि होलसेल संस्थान इस शानदार फेयर की सफलता के भागीदार बने।












# अगस्त में पाकिस्तान से टेक्सटाइल निर्यात 26 माह की चोटी पर

### भारत से रेडीमेड गारमेंट में लगातार वृद्धि
### श्रीलंका से निर्यात में सुधार

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

बांग्लादेश में पिछले कुछ माह से चल रही राजनैतिक अस्थिरता और अशांति के कारण वहां से निर्यात प्रभावित होने से अगस्त के दौरान पाकिस्तान से टेक्सटाइल का निर्यात बढ़कर 26 माह की चोटी पर पहुंच गया। भारत से भी गारमेंट निर्यात में वृद्धि का दौर बना रहा। श्रीलंका से भी गारमेंट निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गारमेंट निर्यातक देश है तथा वहां पर जुलाई से राजनैतिक अशांति चल रही थी तथा गत माह सत्ता पलट गई। बांग्लादेश में अशांति के कारण वहां पर औद्योगिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई और उत्पादन लगभग ठप्प हो कर रह गया था। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार अगस्त के दौरान वहां से अगस्त के दौरान टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात गत वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत बढ़कर 1.64 मिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गया, जो 26 माह में सबसे अधिक निर्यात है।

जानकारों का कहना है कि बांग्लादेश में अशांति के साथ ही कुछ देशों द्वारा चीन से रेडीमेड गारमेंट के आयात पर अंकुश लगाने से अनेक आयातक देशों ने पाकिस्तान, भारत, वियतनाम, श्रीलंका आदि की ओर रुख कर लिया है। उल्लेखनीय है कि चीन विश्व का सबसे बड़ा गारमेंट निर्यातक देश है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अगस्त के दौरान पाकिस्तान से रेडीमेड गारमेंट में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि निट वीयर, बेड वीयर आदि का निर्यात गत वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक रहा।

जानकारों के अनुसार पाकिस्तान के निर्यातकों को विभिन्न गारमेंट आदि का औसत भाव भी गत वर्ष की तुलना में अधिक प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोजे आदि कुछ वस्तुओं की उत्पादन लागत कम होने और वैल्यू एडीशन के बाद निर्यात मूल्य अधिक मिलने से अनेक निर्माताओं और निर्यातकों के मार्जिन में भी सुधार होने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि जुलाई-अगस्त के दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कॉटन के भाव में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आई थी। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में इस वर्ष उत्पादन कम होने से वहां के उद्योग की आयातित कॉटन पर निर्भरता बढ़ रही है।

श्रीलंका से भी बढ़ा- प्राप्त जानकारी के अनुसार अगस्त में श्रीलंका से कई माह के बाद रेडीमेड गारमेंट और टेक्सटाइल का निर्यात 500 मिलियन डॉलर के पार हुआ। इस वर्ष अगस्त में श्रीलंका से 511.13 मिलियन डालर मूल्य के टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट का निर्यात किया गया जो गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात की तुलना में 17.51 प्रतिशत अधिक है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट के निर्यात में वृद्धि का कारण अमेरिका को गत वर्ष की तुलना में 22.56 प्रतिशत अधिक का निर्यात किया जाना है। श्रीलंका से जनवरी से अगस्त के 8 महीनों के दौरान टेक्सटाइल और गारमेंट का निर्यात 3,358.05 मिलियन डॉलर का रहा, जो गत वर्ष की इसी अवधि के निर्यात की तुलना में 1.28 प्रतिशत अधिक है। भारत से भी बढ़ा- अगस्त के दौरान भारत से रेडीमेड गारमेंट का निर्यात गत वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़कर 1.26 बिलियन डॉलर हो गया। गत वर्ष इसी अवधि में गारमेंट का निर्यात 1.13 बिलियन डॉलर का किया गया था। अप्रैल से अगस्त के 5 महीनों के दौरान गारमेंट का कुल निर्यात 6.39 बिलियन डॉलर का रहा, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.12 प्रतिशत अधिक है। जानकारों का कहना है कि अनेक देशों द्वारा चीन से आयात पर अंकुश लगाने और बांग्लादेश से निर्यात प्रभावित होने के कारण आगामी महीनों में भारत से रेडीमेड गारमेंट के निर्यात में वृद्धि होगी।



# डालमिया सिन्थेटिक्स: एक नजर



श्री शिवकैलाश डालमिया

**गया/ शिव कुमार कौशिक... कपड़ों की दुनिया के सरताज का मात्र व्यवसाय नहीं, बल्कि समाजसेवा जीवन का लक्ष्य। आज मगध ही नहीं, बिहार भर में कपड़ों की दुनिया में गयाजी के श्री शिवकैलाश डालमिया जी का काम व नाम ध्रुवतारा की तरह चमक रहा है। इनकी रोशनी गया की टेक्सटाइल्स की गलियों से होते हुए सूरत तक फैली है। इन्होंने व्यवसाय के जरिए एक हजार कर्मियों को रोजगार मुहैया कराया है। साथ-साथ कई धार्मिक व सामाजिक संगठनों से जुड़कर जरूरतमंदों की सेवा कर रहे हैं। कोई किसी भी वर्ग या किसी भी धर्म से हो, सभी की दिल से मदद करना अपना धर्म मानते हैं। यही कारण है कि वे सभी के दिलों पर राज करते हैं। समय के पाबंद मुन्ना डालमिया जी जहां धार्मिक आयोजन के माध्यम से सभ्यता और संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं, वहीं तो परिवार के सदस्यों को एक साथ लेकर चलते हुए एक मिसाल भी कायम की है। देश के बड़े राजनीतिज्ञों से संबंध है, होने के साथ ही बड़े-बड़े मठ के आचार्य और छोटे मंदिर के पुजारी से लेकर मस्जिदों के इमाम से भी इनका ताल्लुक है। स्नेहदिल मुन्ना डालमिया अपने कर्मियों को परिवार का सदस्य मानते हैं। कपड़ों की दुनिया के बादशाह कहे जाने वाले श्री शिवकैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना डालमिया जी का मात्र कारोबार नहीं, बल्कि समाजसेवा जीवन का लक्ष्य है।**

**श्री शिवकैलाश डालमिया समाज सेवा के लक्ष्य को हमेशा साथ लेकर आज व्यवसाय को बढ़ा रहे हैं तो कई तरह से गरीब व जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं। इनकी इस भूमिका को खास व मजबूत बनाने व बखूबी निभाने में धर्मपत्नी श्रीमती रेणु डालमिया और दोनों सुपुत्र श्री अभिषेक डालमिया और श्री गौतम डालमिया का बेहद अहम योगदान है।**

## शिवकैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना डालमिया

- जन्म - 29-08-1953
- फर्म - डालमिया सिंथेटिक्स (थोक)
- व्यवसाय - वस्त्र व्यापार और वस्त्र उद्योग
- मूल निवासी - गया
- शिक्षा - स्नातक
- कार्यक्षेत्र - थोक टेक्सटाइल्स (कपड़ा)
- शादी -12-12-1976
- पत्नी - रेणु देवी डालमिया
- पुत्र - अभिषेक डालमिया और गौतम डालमिया
- पिता - स्व. विश्वनाथ डालमिया
- माता - स्व. आनंदी देवी डालमिया
- खान पान - शुद्ध शाकाहार
- सम्मान - गया, बिहार के साथ ही देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित संस्थानों की ओर से सम्मान।
- अभिरूचि - समाज सेवा, धर्मप्रचार, नगर विकास।
- संतजन, श्रेष्ठजन, विद्वतजन, महाजन का अभिनंदन, भागवत कथा आयोजन, धार्मिक पुस्तकों का प्रकाशन।
- मूलमंत्र - पूजा-पाठ, धार्मिक आयोजन और समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा में समर्पित ।
- विदेश यात्रा - अमेरिका, थाईलैंड, बैंकाक, स्विट्जरलैंड, मलेशिया सहित यूरोप के कई देशों का भ्रमण।
- विशेष उपलब्धि - अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राजकीय अतिथि।
- चारों धाम की यात्रा। बारह ज्योतिर्लिंग का दर्शन-पूजन।

**सुबह 4 बजे जागना, पूजा- पाठ, व्यवसाय व समाजसेवा है दिनभर का रूटीन** - देशभर में प्रसिद्ध समाजसेवी शिवकैलाश डालमिया अहले सुबह करीब 4 बजे जाग जाते हैं। स्नानादि के बाद दो घंटे पूजा करना, इसके बाद फिजियोथेरेपी। समय के पाबंद होने के कारण 9.30 बजे डालमिया सिंथेटिक्स प्रतिष्ठान पहुंच जाते हैं। यहां हनुमान चालीसा पाठ के साथ काम की शुरुआत। दोपहर भोजन के बाद थोड़ा आराम। फिर शाम 3 से शाम 7.30 बजे तक काम। इसी बीच समाजसेवा व अन्य जरूरी काम। 9 बजे रात्रि भोजन के बाद सो जाना। शुद्ध शाकाहारी मुन्ना डालमिया की पहली व आखिरी पसंद घर का खाना। बाजार के खाने से बिल्कुल परहेज।

**1970 से पिता जी के साथ व्यवसाय से जुड़े-** करीब 123 साल से पहले श्री शिवकैलाश डालमिया जी के दादा राजस्थान के चिडाक से गया आए। कारोबार शुरू किया। 17 साल की उम्र में वर्ष 1970 से ही अपने पिता स्व. विश्वनाथ डालमिया के साथ व्यवसाय से जुड़ गए। धीरे-धीरे अपने कंधों पर व्यवसाय को संभाला। कहते हैं कि 1987 में भारी मात्रा में 4 प्रतिशत भाव पर कपड़े लेना चुनौती वाला समय रहा। लेकिन इसमें मिली सफलता से आगे की राह आसान हुई। गया शहर के केपी रोड-धामी टोला से कपड़े के कारोबार को आगे बढ़ाया। गया के साथ ही गुजरात के सूरत में कारोबार को बढ़ाया। आज भी सूरत में जींस व साड़ी के साथ अन्य कपड़ों का कारखाना है। आद्या फैशन का नाम आज सूरत के प्रतिष्ठित व्यावसायिक संगठनों में से एक है। दोनों पुत्र श्री अभिषेक डालमिया और श्री गौतम डालमिया सूरत के कारोबार का प्रबंधन देख रहे हैं।

**55 सालों से श्रीरामचरितमानस पाठ और 14 साल से श्री गणेश पूजा उत्सव-** गया के मगध में श्रीरामचरितमानस का पाठ और श्री गणेश महोत्सव की अलग पहचान है। श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ समिति के बैनर तले पिछले 55 सालों से दस दिवसीय श्रीरामचरितमानस नवाह्न पाठ का आयोजन करा रहे हैं।

50 वें साल सितंबर 2019 में आयोजित भव्य समारोह में जगद्गुरु रामानन्दाचार्य धर्मसम्राट तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य जी के सन्निध्य में 1008 ब्राह्मणों ने संगीतमयी रामायण का पाठ किया। शहर के आजाद पार्क में पिछले 14 सालों से गणपति की भव्य प्रतिमा स्थापित कर श्री गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है।

**10 कर्मियों के साथ आरंभ कारोबार में आज 400 कर्मी कार्यरत-** 1970 में मात्र 10 के स्टाफ के साथ डालमिया सिंथेटिक्स की शुरुआत की। सच्ची लगन, कड़ी मेहनत व परिश्रम के बल पर डालमिया सिंथेटिक्स को ऊँचाई पर ले जाकर सूबे के साथ अन्य राज्यों में भी पहचान बनायी। आज डालमिया सिंथेटिक्स से मगध के अलावा झारखंड के कई जिलों के व्यापारी खरीदारी कर रहे हैं।

**मोरारी बापू की प्रेरणा से कर्मचारियों को करा रहे भोजन-** बोधगया प्रवचन के दौरान आए कथा वाचक मोरारी बापू का आगमन डालमिया सदन में हुआ। यहां आने के बाद उनकी प्रेरणा से कार्यरत कर्मचारियों को हर दिन दोपहर का भोजन करा रहे हैं।

**कई जिलों में डालमिया बाजार स्टोर-** गया के धामी टोला में पहला डालमिया बाजार खुला है। इसके बाद डालमिया बाजार की फ्रेंचाइजी का विस्तार आज कई जिलों में है। गया के बोधगया, मानपुर, डेल्हा, वजीरगंज, चेरकी के साथ ही औरंगाबाद, दाउदनगर, नवादा और जहानबाद के लोगों की सेवा में डालमिया बाजार सफलतापूर्वक चल रहा है। इसके और भी शहरों में इसके विस्तार की योजना है।

## सम्प्रति सेवा कार्य

- अध्यक्ष - श्री मारवाड़ी पंचायत समाज, गया।
- अध्यक्ष - श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ समिति, गया।
- वरीय सदस्य - पितृपक्ष मेला समिति, गया
- अध्यक्ष - अंन्नपूर्णा सर्वजन भोजन योजना, गया।
- अध्यक्ष - गणपति महोत्सव समिति, गया।
- अध्यक्ष - जगद्गरु रामानुजाचार्य मठ सेवा समिति, गया।
- अध्यक्ष - त्रिदंडी स्वामी राघवाचार्य आयुर्वेद महाविद्यालय, करजरा, गया।
- अध्यक्ष - धर्मसभा भवन, गया।
- उपाध्यक्ष - हरिदास इंटर विद्यालय, गया
- उपाध्यक्ष - गया गौशाला, मानपुर।
- पूर्व अध्यक्ष - चैंबर ऑफ कॉमर्स, गया।
- पूर्वाध्यक्ष - मारवाड़ी समाज, गया।
- वरीय सदस्य- रेडक्रॉस सोसायटी ऑफ गया।
- शांति समिति गया।
- संरक्षक - भगत सिंह युवा ब्रिगेड, गया।
- संरक्षक - आचार्यकुल बिहार राज्य शाखा, गया।
- संरक्षक - अखिल भारतीय मगही प्रचारिणी सभा, गया।
- अध्यक्ष - टेक्सटाइल्स चैंबर ऑफ कॉमर्स, गया

## प्रमुख आयोजन

- श्री मोरारी बापू रामकथा का आयोजन, गया।
- जगद्गुरु रामानन्दाचार्य धर्मसम्राट तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य जी की रामाश्रय कथा।
- जगद्गुरु रामानन्दाचार्य धर्मसम्राट तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य जी के सन्निध्य एवं आचार्यत्व में 1008 वेदीय श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ का आयोजन।
- 14 सालों से श्री गणेश महोत्सव का आयोजन।
- 2012 में अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन का आयोजन।
- विभिन्न प्रकार के मेडिकल कैम्प का आयोजन।
- सामूहिक कन्या विवाह में सहयोग।
- निःशक्त लोगों की चिकित्सा हेतु सहायता एवं सहयोग मेले का आयोजन।
- देवघर में लगातार छह साल तक चिकित्सा शिविर लगाकर कांवरियों की सेवा।
- हर साल दो हजार कंबल का वितरण।
- अकाल और कोरोना काल में बहुत सारे जरूरतमंद लोगों की मदद करना।

## जीवन का मुख्य उद्देश्य

- समाज के लोगों की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- हर वक्त गरीब व जरूरतमंदों की सहायता सहित अन्य सामाजिक कार्य में सक्रियता।
- धार्मिक और सामाजिक कामों में सहयोग व साधु-महात्मा और गौ सेवा।
- अकाल और कोरोना काल में बहुत सारे जरूरतमंद लोगों की मदद करना।

जरूरतमंदों की मदद मुख्य उद्देश्य, अन्नपूर्णा से सबसे ज्यादा खुशी -रेणु डालमिया

हर लम्हे में साये की तरह साथ रहने वाली श्री शिवकैलाश डालमिया जी की धर्मपत्नी श्रीमती रेणु देवी डालमिया के विचार भी धार्मिक व सेवाभावी हैं। कहती हैं कि भगवान के प्रति आस्थावान बाबू का गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करना सबसे पसंदीदा काम है। जरूरतमंदों को मात्र 10 रुपए में पेट भरने वाली अन्नपूर्णा रसोई से उन्हें सबसे ज्यादा खुशी है। कहती हैं ''बाबू बिजनेस व समाज के साथ अच्छी सेहत के लिए खुद की देखभाल करें। इनका मारवाड़ी पंचायत समाज का दूसरी बार अध्यक्ष बनना गौरव की बात है। मारवाड़ी पंचायत भवन में बुजुर्ग लोगों की सेवा के लिए लिफ्ट लगाने की योजना भी सराहनीय कदमों में से एक है। अपने परिवार के साथ ही डालमिया सिथेंटिक्स या डालमिया बाजार के स्टाफ के लिए कुछ करने की मंशा है। बाबू की जीवनशैली का ही प्रतिफल है कि आज दोनों बच्चे उनके पदचिह्नों पर चल रहे हैं। बाबू के कहने पर डालमिया बाजार संभाल रही हूं। आगे भी उनकी हर इच्छा का सम्मान करना परम कर्तव्य है।''

## साल भर में स्कीम व कार्यक्रमों के साथ तीन सेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

मगध और आसपास के कारोबारियों को राहत देने के लिए साल भर में तीन से चार बार सेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन कराते आ रहे हैं। खरीदारी पर स्कीम के साथ कारोबारियों के लिए रहने व खाने-पीने की व्यवस्था के साथ तरह-तरह के मनोरंजन वाले कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है।

## यादगार रहा डालमिया सिंथेटिक्स का गोल्डन जुबली कार्यक्रम

डालमिया सिंथेटिक्स के 50 वर्ष पूरा होने के मौके पर बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में 19 मार्च 2023 को भव्य समारोह का आयोजन किया गया। रहना व खाने-पीने की उत्तम व्यवस्था के साथ गीत- संगीत का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से करीब तीन हजार से अधिक व्यवसायी शामिल हुए।

## 500 मीटर के साथ तिरंगा यात्रा, समाजसेवियों को सम्मान

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पिछले कई सालों से डालमिया बाजार के पास से 500 मीटर तिरंगा यात्रा निकालना देशभक्ति के जज्बे को प्रदर्शित कर रहा है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वर्गों के समाज सेवा करने वाले प्रतिष्ठित लोगों के साथ ही डालमिया सिंथेटिक्स और डालमिया बाजार के बेहतर काम करने वाले कर्मियों का सम्मान करना और बाबू का समय-समय पर जरूरतमंद कर्मियों की सुख-दुःख में मदद करना इनके कई महत्वपूर्ण कामों में से एक है।

## धार्मिक आयोजन व समाजसेवा के लिए जी-10 का गठन करना सबसे बड़ी खुशी

धार्मिक आयोजन और समाजसेवा के लिए जी-10 का गठन करना समाजसेवी श्री शिवकैलाश डालमिया जी के लिए सबसे बड़ी खुशी है। जी-10 के संस्थापक श्री शिवकैलाश डालमिया के साथ सर्वश्री प्राण मित्तल, विनोद जसरापुरिया, रामावतार धानुका, राजेश झुनझुनवाला, विष्णु भलोटिया, प्रदीप अग्रवाल, सुनील बरेलिया, मुकेश खंडेलवाल, पवन मोर, विपेंद्र अग्रवाल और वीरेंद्र कुमार सदस्य हैं।

## 23 सालों से डालमिया सदन में जल रही अखंड ज्योत

केपी रोड स्थित प्रतिष्ठान डालमिया सिंथेटिक्स के ऊपर स्थित डालमिया सदन में पिछले 23 सालों से लगातार अखंड ज्योत जल रही है। 24 घंटे आठ लोग लगातार अखंड पाठ में लगे हैं। माँ स्व. आनंदी देवी डालमिया की पुण्य स्मृति में धर्मशाला बनाने की इच्छा के साथ समाजसेवी श्री शिवकैलाश डालमिया जी समाजसेवा के क्षेत्र में एक और मिसाल कायम करने की इच्छा रखते हैं। भविष्य में माँ स्व. आनंदी देवी डालमिया के नाम पर धर्मशाला बनाने की इच्छा है। इस योजना पर काम भी चल रहा है। कहते हैं धर्मशाला से गया आने वाले पिंडदानियों के साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलेगा। इसके साथ परिवार के सभी सदस्यों को एक भव्य मंच पर लाकर सम्मानित करने की प्रबल इच्छा है। समाजसेवी श्री शिवकैलाश डालमिया जी समाजसेवा के क्षेत्र में एक और मिसाल कायम करने की इच्छा रखते हैं। भविष्य में माँ स्व. आनंदी देवी के डालमिया के नाम पर धर्मशाला बनाने की इच्छा है। इस योजना पर काम भी चल रहा है। कहते हैं धर्मशाला से गया आने वाले पिंडदानियों के साथ स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलेगा। इसके साथ परिवार के सभी सदस्यों को एक भव्य मंच पर लाकर सम्मानित करने की प्रबल इच्छा है।


asharfi®
FABRICS
A Royal Product for Royal Class
Manufacturer of unique combos in Industry
PEOPLES CHOICE
HELD AT VARIOUS CONFERENCES 2023-2024
SCAN FOR CATALOGUE
Combos
Safaris
Suit Lengths
Ethnics
Currently Working With Some Leading Wholesalers & Distributers Across India
Asharfi Fabrics Pvt. Ltd.
For Trade Enquiry: - Call -87088-98361, 92540-41864
Website: www.asharfi.in | E-mail:customercare@asharfi.in | Panipat, Haryana ( 132103) Follow Us on :-

## सम्पादकीय....

# युद्ध की स्थिति भारत के लिये चुनौतीपूर्ण

हिज्बुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के बाद जिस बात की आशंका जताई जा रही थी, वह सही होती लग रही है। छोटी-सी गाजा पट्टी पर शुरू हुई लड़ाई बेकाबू जंग का रूप लेती जा रही है। ईरान का इजरायल पर ताजा हमला इस बात का साफ संकेत है कि दोनों पक्ष हमलों का जवाब हमलों से देने पर आमादा हैं। मगर युद्ध का फैलना खतरनाक होगा। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कम से कम जंग और तेज न हो, इसका दायरा और न फैले।

सऊदी अरब और युएई जैसे मुल्क अभी तक इस संघर्ष से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन युद्ध जिस तरह से फैल रहा है, उसमें अरब देशों का बहुत देर तक तटस्थ रहना शायद संभव न रह पाए। भारत के सामने सबसे बड़ी कूटनीतिक चुनौती होगी कि वह इजरायल और अरब वर्ल्ड के बीच किस तरह से संतुलन साधता है।

हमास के साथ संघर्ष में शामिल होने के पहले इजरायल और यूएई पास आते दिख रहे थे। आर्थिक और दूसरे क्षेत्रीय मुद्दों पर सहयोग के लिए 2021 में भारत, इजरायल, यूएई और अमेरिका ने मिलकर आई2आई2 फोरम गठित किया। इसी तरह, पिछले साल इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर (IMEC) की घोषणा हुई थी। युद्ध का फैलाव इस तरह के प्रयासों के लिए तगड़ा झटका होगा।

ईरान के संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने से रेड सी ट्रेडिंग रूट पर असर पड़ने की आशंका है। यह इकलौती वजह काफी है भारत की चिंता बढ़ाने के लिए। यह समुद्री रास्ता हिंदुस्तान को यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व से जोड़ता है। पिछले वित्तीय वर्ष में देश का करीब 50 प्रतिशत निर्यात और 30 प्रतिशत आयात इसी रूट से हुआ था।

लाल सागर तक संकट खिंचने का मतलब होगा कारोबार के लिए लंबा समुद्री रास्ता तय करना। इससे ट्रांजिट कॉस्ट बढ़ जाएगी। किराये पर असर पड़ेगा, डिलिवरी में देरी होगी और कंपनियों का मुनाफा घटेगा। पिछले साल जब हूती विद्रोहियों ने रेड सी रूट पर जहाजों को निशाना बनाना शुरू किया था, तब भी व्यापार में काफी अड़चन आई थी। उसकी वजह से कंपनियों की सामान लाने ले जाने की लागत अभी तक बढ़ी ही है। इस बार तो खतरा पहले से कहीं ज्यादा गंभीर है।

ईरान के इजरायल पर मिसाइल अटैक के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखी जा रही है, जबकि इससे पहले इसमें कमी आई थी। भारत अपनी तीन चौथाई से अधिक तेल जरूरतों के लिए विदेशी बाजारों पर निर्भर है। ऐसे में इसकी कीमत बढ़ने से भारतीय इकॉनमी पर दबाव बढ़ेगा। कुल मिलाकर, अगर यह युद्ध फैलता है तो आर्थिक संकट का दुष्चक्र शुरू होगा, जिसकी कीमत दूसरे देशों सहित भारत को भी चुकानी पड़ेगी।

## कुछ नया, कुछ अलग • प्लास्टिक हमारे पर्यावरण और भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

**नमस्कार मित्रों,**

आज की तारीख में प्लास्टिक का उपयोग हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। आप नज़र उठाकर आसपास देखेंगे तो ऐसी कोई चीज़ नहीं होगी जिसमें प्लास्टिक का उपयोग न हुआ हो। सुबह उठकर ब्रश से लेकर सामान रखने के डिब्बे, पोलिथीन से निर्मित बैग, बर्तन, पैकेजिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण और यहाँ तक कि कपड़ों में भी प्लास्टिक पाया जाता है। प्लास्टिक के उपयोग बिना आधुनिक जीवन की कल्पना कर पाना ही असंभव हैं। लेकिन इसके अनियंत्रित उपयोग के परिणाम लगातार भयानक होते जा रहे हैं। मानो इंसान इसके दुष्प्रभावों से बिलकुल अनजान हैं। प्लास्टिक का उपयोग न केवल हमारे पर्यावरण को नष्ट कर रहा है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खतरनाक साबित हो रहा है। प्लास्टिक को विघटित कर पाना बेहद मुश्किल है। करोड़ों टन प्लास्टिक हमारे समुद्रों में जमा हो चुका है और लगातार हो रहा है, जिसे विघटित होने में सदियाँ बीत जाएगी।

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि प्लास्टिक की खोज में सबसे बड़ी भूमिका बिलियर्ड्स या पूल के खेल ने निभाई। बात ऐसी थी कि बिलियर्ड्स की गेंद हाथीदांत से बनती थी, जो बेहद महँगा था। इसलिए, साल 18 69 में निर्माताओं ने हाथीदांत के विकल्प की तलाश शुरू कर दी। आविष्कारक जॉन वेसली हयाट ने कपूर, नाइट्रोसेल्यूलोज़ और अल्कोहॉल के मिश्रण को गोलाकार आकार दिया जो हाथीदांत से बनी गेंद जैसा था। हालांकि, यह आधुनिक स्वरूप का प्लास्टिक तो नहीं था लेकिन इसने सिंथेटिक प्लास्टिक के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। आधुनिक प्लास्टिक का आविष्कार बेल्जियम के रसायनज्ञ लियो बैकलेंड ने 1907 में किया।

कुछ आंकड़ों पर नज़र डालते हैं। हर साल विश्व में तकरीबन 50 करोड़ टन प्लास्टिक का निर्माण होता है। 1950 से लेकर आज तक तकरीबन 1000 करोड़ टन प्लास्टिक का निर्माण हुआ है। पूरे विश्व में हर मिनट दस लाख प्लास्टिक की बोतलें खरीदी जाती हैं। हर साल विश्व भर में 5 लाख करोड़ प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल होता है। हर साल प्लास्टिक के प्रदूषण से 10 लाख से भी ज्यादा समुद्री पक्षी और 1 लाख से ज्यादा समुद्री जानवर मर जाते हैं। जिसके कारण बहुत सी पक्षियों और जानवरों की प्रजातियाँ लुप्त हो चुकी हैं। हर दिन लगभग 1 करोड़ प्लास्टिक के टुकड़े हमारे समुद्रों में पहुँचते हैं। हैरत की बात तो यह है कि समुद्रों की सतह का करीब 88 प्रतिशत हिस्सा प्लास्टिक के कचरे से प्रदूषित है। मछुआरे द्वारा पकड़ी गई हर 3 में से 1 मछली के पेट में प्लास्टिक होता हैं। करीब 80 प्रतिशत प्लास्टिक का कचरा समुद्रों में भेज दिया जाता है। जबकि केवल 20 प्रतिशत प्लास्टिक कचरा ही पुनः उपयोग में लिया जाता है या जलाया जाता है।

Mumbai/ At the 61st Annual General Meeting of the Clothing Manufacturers Association of India (CMAI) concluded on 27th September 2024 a New Managing Committee was Elected and the following New Office Bearers were Appointed for 2024-2025 & 2025-2026.

Mr Santosh Katariya, President, Mr Rohit Munjal, Vice President, Mr Ankur Gadia, Vice President, Mr Naveen Sainani, Hon Gen Secretary, Mr Mukesh Jain, Jt Hon Gen Secretary, Mr Paresh Vora, Hon Treasurer, Mr Dinesh Nandu, Jt Hon Treasurer, Mr Rajesh Masand, Imm. Past President.

Mr. Santosh Katariya, an Apparel Industry Veteran, has taken over as the new President of the Clothing Manufacturers Association of India (CMAI). Shri Katariya has been into the business of Readymade Garment Manufacturing, (Brand - PEPPER MINT) for more than 17 years and is currently Managing Director of Peppermint Clothing Pvt. Ltd., Pune.

Earlier Mr. Katariya also held the Post of Regional Chairman, Western Regional Advisory Committee and the Hon General Secretary of the Association for 4 Years.

On taking in-charge of the Presidentship, Mr. Katariya, underlined, "My immediate priority is to strengthen the Association and ensure that adequate measures are taken for improving the working of the Association. We will work shoulder to shoulder with both the Central and State governments and ensure smooth trade facilitation for our industry. Our target is to reach 7000 Members by the end of my term and my duty is to take every possible step to reach this target." he added.

Sharing his vision for the Industry, Mr. Katariya, stated, "We are into challenging times where the supply chain is realigning itself and alternatives for better sourcing destinations are continuously being explored. We can definitely capture some of the space left vacant by reaching out to these areas. My vision is to see that every RMG Manufacturing Unit in India becomes ESG compliant and Industry, Government, and Association work together to strengthen Made-in-India RMG Products which are valued as quality products globally."

Santosh Katariya is known for his philanthropy, benevolence and humanitarianism

**About CMAI-** The Clothing Manufacturers Association of India (CMAI) is the most representative association of the Indian apparel industry having over 5000 members and serving more than 25,000 Retailers across India. Its Membership consists of Manufacturers, Exporters, Brands, and ancillary industry.

CMAI advocates regarding policies and also guides and encourages its members on ESG related matters and initiatives. In 2019, CMAI launched the SU.RE initiative to encourage members to embrace sustainability.

Established sixty-one years ago, CMAI has contributed immensely towards development of the industry. In 1978, CMAI had led the creation of the Apparel Export Promotion Council (AEPC). CMAI is also authorized by the Government of India to issue Certificate of Origin (Non-Preferential) to Exporters.

CMAI is the only Indian Association that represents the entire Indian Apparel Industry & Trade on prestigious international forums such as International Apparel Federation (IAF) headquartered in Netherlands.




# Mafatlal® की CORDELIA क्रूज कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन

## अवॉर्ड सेरेमनी ने बढ़ाया व्यापारियों में उत्साह

मुम्बई/ देश की अग्रणी टेक्सटाइल कंपनी मफतलाल इंडस्ट्रीज एवं Zee Fabrics के संयुक्त तत्वावधान में क्रूज पर 21 से 23 सितंबर तक एक तीन दिवसीय एजेंट एवं डीलर मीट का आयोजन किया गया। इस आकर्षक क्रूज यात्रा में 186 व्यापारियों सहित कम्पनी प्रबंधन ने आनंद और उत्साह से भाग लिया।

इस कॉन्फ्रेंस में मफ़तलाल इंडस्ट्रीज के **सीओओ श्री एम बी रघुनाथ** व साथ ही मार्केटिंग पार्टनर Zee Fabrics के मुख्य प्रबंधक श्री केतुल भाई, श्री विशाल भाई, श्री अंशुल शाह एवं श्री अंकित शाह की उपस्थिति में आगंतुक एजेंट एवं डीलर्स के व्यक्तिगत चर्चा कर आगामी रणनीति और व्यापार संवर्धन हेतु विचार-विमर्श किया।

जी मफतलाल सदैव प्रयासरत रहता है कि कॉर्पोरेट, स्कूल, हॉस्पिटल आदि क्षेत्रों के यूनिफॉर्म उपभोक्ताओं को बेहतरीन उत्पाद मुहैया कराएं। यही कारण है कि मफतलाल ब्राण्ड निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

### अवॉर्ड सेरेमनी

इस भव्य आयोजन में देशभर की विभिन्न कैटेगरीज के तहत डीलर्स एवं एजेंसी को टॉप 5 अवॉर्ड से नवाजा गया। कंपनी द्वारा ऐसा प्रोत्साहन व्यापारियों को नई दिशा और मजबूती प्रदान करता है।















## Awards Ceremony

MAFATLAL ZEE FABRICS




























श्री योगेश जैन, डायरेक्टर
जे. एस. फैशंस इंटरनेशनल प्रा. लि.

# हाई क्वालिटी लग्जरी शर्टिंग फैब्रिक ब्राण्ड CANNOLI के न्यू डवलपमेंट्स को मिल रहा सुपर रिस्पॉन्स

**बेंगलुरु/** मेन्स फैशन के लिए सर्वोत्तम शर्टिंग फैब्रिक्स प्रोड्यूस करने वाली कंपनी जे. एस. फैशंस (इंटरनेशनल) प्रा. लि. 100 प्रतिशत प्रीमियम कॉटन शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात कंपनी है। मेन्स फैशन को समर्पित इस कंपनी के चेयरमैन श्री जुगराज जैन एवं डायरेक्टर श्री योगेश जैन के नेतृत्व में यह कंपनी 100 प्रतिशत प्रीमियम कॉटन, लिनन एवं नेचुरल शर्टिंग फैब्रिक उत्पादन में आकर्षक डवलपमेण्ट्स के लिए जानी जाती है। हाल ही जे. एस. फैशंस ने अपने प्रीमियम शर्टिंग ब्राण्ड CANNOLI के तहत ढेर सारे नये डवलपमेण्ट्स पेश किए हैं, जिन्हें बाजार से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। श्री योगेश जैन ने कहा कि CANNOLI ब्राण्ड के तहत लग्जरी शर्टिंग फैब्रिक बना रहे हैं, जिसके अंतर्गत गीजा कॉटन, 100 प्रतिशत प्रीमियम कॉटन, लिनन एवं ब्लेंडेड शर्टिंग फैब्रिक्स में फुल रेंज बना रहे हैं। इस साल CANNOLI के तहत यार्न डाइड, जैकार्ड्स, डिजिटल प्रिंट, रोटरी प्रिंट में भरपूर डिजाइंस इंट्रोड्यूस किए हैं। कंपनी ऑल इण्डिया लेवल पर डिस्ट्रीब्यूटर्स के माध्यम से इसके फैब्रिक्स की आपूर्ति कर रही है वहीं अन्तरर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मजबूत नेटवर्क बनाया जा रहा है।



### श्री महेंद्र कुमार जैन
**मीरा कॉटन हाउस, बेंगलुरु**

सुपर लग्जरी शर्टिंग सेगमेंट में CANNOLI ब्राण्ड के फैब्रिक कलेक्शन में सब कुछ है। प्रिंट, प्लेन, यार्न डाइड चैक्स, रोटरी प्रिंट में सैकड़ो अट्रैक्टिव डिजाइंस का विशाल संग्रह इसकी सबसे बड़ी खूबी है। आज की यंग जनरेशन के लिए तैयार इसके खूबसूरत फैब्रिक डिजाइंस युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रहे हैं।



### श्री सोमचंद पोरवाल
**माइक्रो फैब, बेंगलुरु**

प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक ब्राण्ड CANNOLI के तहत मेन्स फैशन के लिए बेहतरीन कलेक्शन आता है। डिजिटल प्रिंट्स, यार्न डाइड चैक्स एवं गीजा कॉटन शर्टिंग में इस ब्राण्ड की डिजाइनिंग लाजवाब है। आज की डेट में CANNOLI द्वारा किए जा रहे डवलपमेंट सराहनीय है तथा मेन्स फैशन में पॉपुलर होते जा रहे हैं।



### श्री जितेंद्र जैन
**प्रीमियम फैशंस, चेन्नई**

CANNOLI के प्रीमियम लग्जरी शर्टिंग फैब्रिक में काफी लंबी वैरायटी आ रही है। फेंसी एवं सोबर डिजाइंस में भरपूर रेंज के साथ-साथ क्वालिटी एवं गुणवत्ता से परिपूर्ण इस ब्राण्ड के तहत यंगस्टर्स के लिए बहुत उम्दा शर्टिंग फैब्रिक आ रहा है, जिसकी बाजार में लगातार मांग बढ़ रही है।



### श्री भरत पुरोहित
**एम के फैब्रिक्स, अहमदाबाद**

क्वालिटी एवं डिजाइनिंग के मामले में CANNOLI ब्राण्ड औरों से कई आगे है। युवा वर्ग के लिए इस ब्राण्ड के तहत ढेर सारी रेंज आ रही है, जिसमें यार्न डाइड चेक्स, जैकॉर्ड, डिजिटल प्रिंट डिजाइंस काफी पॉपुलर है। ब्राण्ड के डायरेक्टर श्री योगेश जैन का बहुत अच्छा सपोर्ट रहता है। रेगुलर इनोवेशन एवं क्वालिटी डेवलपमेंट में इस ब्राण्ड का कोई मुकाबला नहीं है।



### श्री रोबिन जिंदल
**अशोक एंड कंपनी, सुनाम**

सुपीरियर क्वालिटी एवं अट्रैक्टिव डिजाइंस CANNOLI ब्राण्ड का सबसे मजबूत पार्ट है। 100 प्रतिशत कॉटन शर्टिंग में बहुत ही बेहतरीन कलेक्शन इस ब्राण्ड की ओर से दिया जा रहा है। कंपनी का मैनेजमेंट सिस्टम भी बहुत अच्छा है। हम व्यापारियों से बराबर संपर्क बनाए रखने तथा सीजन से पूर्व एडवांस प्लानिंग करना इनकी सबसे बड़ी खूबी है। साथ ही इसकी सैंपलिंग बहुत अच्छी आती है। नियमित क्वालिटी डेवलपमेंट एवं फॉलोअप भी बराबर लिया जाता है।



### श्री राजेश चल्लाना
**राजेश संस, फाजिल्का**

CANNOLI ब्राण्ड का कपड़ा बहुत अच्छा आ रहा है, प्रीमियम कॉटन एवं गीजा कॉटन सेगमेंट में इसका शार्टिंग फैब्रिक कलेक्शन काफी शानदार है। चेक्स, लाइनिंग, प्रिंट, प्लेन सभी तरह की डिजाइंस में भरपूर रेंज बना रहे हैं। हमारे हिसाब से प्रीमियम शर्टिंग फैब्रिक में CANNOLI एक लाजवाब ब्राण्ड है, इसकी हमारे ग्राहक नेटवर्क में खूब डिमांड रहती है।

**TAMILNADU**
SHIRTING HOUSE

**GUJARAT**
DIPTI ENTERPRISES

**PUNJAB**
S.MAKHAN SINGH
DATTAR SINGH

**RAJASTHAN**
NAVKAR TEXTILE

**NEW DELHI**
TERA ENTERPRISES

## फैशनेबल एवं स्टाइलिश लुक के लिए पहनें CANNOLI

CANNOLI नए दौर का ब्राण्ड है, जो यंग जनरेशन के लिए बेहतरीन कपड़ा बना रहा है। प्रीमियम एवं लग्जरी शर्टिंग सेगमेंट में लाजवाब क्वालिटी एवं अट्रैक्टिव डिजाइनर कलेक्शन की बदौलत इसका बाजार में लगातार प्रभाव क्षेत्र बढ़ता जा रहा है। 100 प्रतिशत कॉटन, लिनन एवं नेचुरल फाइबर से निर्मित इसका शर्टिंग फैब्रिक फैशनेबल एवं आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश होता है। इसका डिजिटल प्रिंट्स, जैकार्ड एवं यार्न डाइड चेक्स में आकर्षक डिजाइनिंग कलेक्शन काफी खूबसूरती के साथ पेश किया जाता है। फैशन लवर्स के लिए CANNOLI ब्राण्ड के शर्टिंग फैब्रिक में लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेंड्स के अनुरूप के समय-समय पर नए डिजाइंस का डवलपमेंट नियमित तौर पर किया जाता है। फैब्रिक की गुणवत्ता एवं क्वालिटी की बात करें तो देश भर में कार्यरत CANNOLI के होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स भी इसकी सराहना करते हैं। अल्प समय में बाजार पर अपना प्रभाव छोड़ने में कामयाब यह ब्राण्ड भविष्य में अग्रणी पायदान पर होगा।

### प्रीमियम एवं लग्जरी शर्टिंग फैब्रिक्स

फैशन क्रिएटर कंपनी जे.एस. फैशंस फैब्रिक इनोवेशन में सदैव नए-नए कॉन्सेप्ट पर यूनिक डिजाइंस में आकर्षक कलेक्शन के लिए जानी जाती है। मेन्स फैशन के लिए यह कंपनी बाजार से हटकर नए कलर्स एवं डिजाइंस देने के लिए निरंतर शोधरत रहती हैं। बेस्ट क्वालिटी का डिजाइनर फैब्रिक्स प्रतिस्पर्धी दरों में उपलब्ध कराने के लिए कंपनी प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है।

CANNOLI ब्राण्ड फैशन लवर्स के लिए नए विकल्प के रूप में उभरा है। इसके शर्टिंग फैब्रिक कलेक्शन में गीजा कॉटन, प्रीमियम कॉटन, प्योर लिनन, कॉटन सिल्क, कॉटन लिनन में प्रिंट, डोबी, स्ट्रक्चर, जेकॉर्ड डिजाइंस में व्यापक रेंज ऑफर की जा रही है।




CANNOLI
ITALY
FINEST GIZA COTTON SHIRTING FABRICS

*Where Style meets attitude and fashion becomes a statement*

BRAND OWNED BY
**J.S. FASHIONS (INTL) PVT. LTD.**
IMPORTERS & EXPORTERS, **BENGALURU**

**FOR TRADE INQUIRES:** AGENTS/DEALERS/ DISTRIBUTORS CALL:
MR. YOGESH JAIN- 9632110000, E-mail: mail@jsfashions.co.in

GEORGIA
GULLINI
*The essence of Italian style.*

Reliance
Growth is Life

# ITALIAN WHISPERS



For Trade Enquiries: Reliance Industries Ltd. - Textile Division, GIDC Naroda, Ahmedabad - 382 330 | T: 079-6606 8888/8889
E: georgia.gullini@ril.com | Visit us at www.georgiagullini.com

Reliance
Growth is Life

# GEORGIA GULLINI'S CONFERENCE – FASHION TAM NHIN 2024

Reliance
Growth is Life

Georgia Gullini – The New Age Fashion Leader and a renowned name for finest Italian Worsted Suiting held it's FASHION TAM NHIN 2024 at Ho Chi Minh formerly known as Saigon, is a vibrant metropolis in southern Vietnam between 22nd to 25th August 2024 at the Hotel Equatorial, the most upscale area of the place. Top Fashion Dealers from India and abroad witnessed the event where sneak peeks of Georgia Gullini's New collection were presented.

The brand Georgia Gullini was born in 2006 with a humble beginning. Since then, the brand is available at over 750 Top Retail Outlets and over 80 distributors to cater to every corner of the country.

Shri Pradeep Bhandari, (CEO - Reliance Industries Limited), shared his profound highlights of the continuous growth and innovation at the heart of our operations. As we are the first to introduce Mercerised wool-blended products under our "Raffinato" collection, we balance market leadership with sustainability. We're proud to be the second-largest producer of worsted fabric in the country, with an impressive output of 6.5 meters per unit, and the sole producer of TR fabrics made from fiber dye. Exporting 50% of our production to 58 countries, we meet the rising global demand for stretch fabrics while championing sustainability through recycled fibers. And Reliance is the largest recycler of PET bottles, we remain at the forefront of eco-friendly textile solutions.



Shri Pradeep Bhandari, (CEO - Reliance Industries Limited)

GEORGIA GULLINI
*The essence of Italian style.*

FASHION Tầm Nhìn 2024

## UNVEILING OF CATALOGUE



Launch of new GG - Catalogue 24/25 was unveiled by : Shri Pradeep Bhandari (CEO - Reliance Industries Ltd.), Shri Sanjeev Chaturvedi (Head Marketing - Reliance Industries Ltd.), Shri Sunil Singh (Senior General Manager - Domestic Marketing, Reliance Industries Ltd.), Shri Bitthal Das Agrawal - Champalal Agencies (Varanasi), Shri Saurabh Daga - Sri Ram Fabrics (Secunderabad), Shri Gautam Chand Jain - Shivam Fabrics (Hyderabad), Shri Siddharth Jain - Babulal Suresh Kumar Jain (Jaipur).






## GALA NIGHT



Lamp lightning : Shri Pradeep Bhandari (CEO - Reliance Industries Ltd.), Shri Sanjeev Chaturvedi (Head Marketing - Reliance Industries Ltd.), Shri Hassan Shaikh Esmailbhai (J S Mohamedally - Kolkata), Shri Nikhil Agrawal (Shashwat Agencies - Kanpur), Shri Raghu Rawat (Marwah Agencies - Delhi), Shri Shailesh bhai (Laxminarayan Fabrics - Surat), Shri Siddhartha Bhansali (Nu Fabrics - Chennai).



This spectacular gala was an unforgettable evening of celebration,



networking, and entertainment, bringing together leaders and innovators from the textile industry. The night featured captivating live music, stunning cultural performances, and delightful surprises, making it truly memorable.






The Gala Dinner, the event's highlight, provided a chance to reflect on the achievements and collaborations fostered during the conference.



## FABRIC DISPLAY



Lamp Lightning: Shri Pradeep Bhandari (CEO - Reliance Industries Ltd.), Shri Sanjeev Chaturvedi (Head Marketing - Reliance Industries Ltd.), Shri Sunil Singh (Senior General Manager - Domestic Marketing, Reliance Industries Ltd.), Shri Uma Maheswar Rao (Prithvi Textile Agency - Secunderabad), Shri Saurabh Dugar (Deomart Brands Pvt. Ltd. - Kolkata), Shri Deepak Jain (KT Agencies - Bangalore), Shri Rajeshlal Bhai (S. Rajesh & Co. - Ahmedabad), Shri Bhikamchand Jain (Bhikam Chand Jain - Jaipur).





Georgia Gullini collections named REDELLA MODA: In All Wool, Wool Rich and Poly Wool blends in Super 180's, 160's alongwith Silk, 150's and 120's with Eco Stretch | RAFFINATO: Fine suiting poly wool blended fabrics with Mercerised Wool in Super 120's | CARBON BLACK: A range of Super / Jet Black fabrics in various blends of All Wool, Wool Rich and Poly Rich | SCARLET: A range of Poly Rich blends with Peach finish. | ESQUIRE: Fine Suiting fabrics in 120's Wool Rich. | OPULENT: Superfine 130's Wool blended fabric with innovative designs. | CORE COLOUR






RANGE & DESIGNS: Approx 1000 SKUs in Core Colour chart & wide range of Innovative Designs, these got the incredible response and recognition, Dealers termed it as the ever-best product in terms of feel and finish.

## WINNERS

These distinguished individuals and organizations have made remarkable contributions to the textile industry, exemplifying their unwavering commitment to innovation, sustainability, and excellence. Their accomplishments not only advance the industry but also inspire others to challenge conventions and reach new levels of achievements.



S. Rajesh & Co. | Deomart Brands Pvt. Ltd. | Prithvi Textile Agency | Padmavati Fabrics | Nu Fabrics


Yatin Traders | Arham Synthetics | Urban Apparels | Maharjan Traders | R P Textiles

As we conclude this extraordinary conference, we eagerly anticipate the transformative innovations these award winners will bring to the textile industry. Reliance Industries Limited – Textile Division offers its heartfelt congratulations to all the winners and sincere gratitude to the participants and partners for making this event a resounding success.



J.S.Mohamedally | Laxminarayan Fabrics | Sri Ram Enterprises | Babu Lal Suresh Kumar Jain | Mens Avenue By Milan | Sri Venkateshwara Textiles | Govind Bhawan Karyalaya



Nrupen Creation | Champalal Agencies Pvt. Ltd. | Kapoor Sons | Aggarwal Agencies | Mabella | Piyali | Mangaldeep Exclusive



Reliance
Growth is Life

The Suiting Diaries

ONLY VIMAL®

A RELIANCE PRODUCT

FOR TRADE ENQUIRIES, please contact: Reliance Industries Ltd. - Textile Division, Naroda, Ahmedabad - 382330, Ph: (079) 66068888 / 8999.
FOR FRANCHISEE ENQUIRY, please e-mail at: onlyvimal@ril.com, +91 - 93289 06356 (WhatsApp) | Visit us at www.onlyvimal.co.in | Also Available in All Leading Retail Outlets.

7 से 21 अक्टूबर, 2024
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड
GORAKHPUR Textile Industries & Trade Edition
Prepared by: Kamlesh Vyas
9929216065 | 8003596090
SHUBH नवरात्र

# उम्दा क्वालिटियों में यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी कम्पनी | सीता कॉटेज इण्डस्ट्रीज




**गोरखपुर / पोद्दार परिवार द्वारा कपड़ा व्यापार में सन् 1965 से इस क्षेत्र में शुभारम्भ करते हुए निरन्तर सफलता के पथ पर बढ़ते रहे। परिवार के सदस्यों ने अपनी कार्य कुशलता एवं बेहतर अनुभव से स्थानीय मण्डी में पोद्दार ग्रुप ने अपनी व्यापक पहचान बनाई और कपड़ा उत्पादन, होलसेल सप्लाई एवं रिटेल क्षेत्र में ब्राण्ड्स की सेल में विशिष्टता हासिल की है।**

**प्रमुख ब्राण्ड्स एवं प्रॉडक्ट्स-** यूनिफॉर्म फैब्रिक सेगमेण्ट में कम्पनी 12 माह उम्दा क्वालिटी के फैब्रिक का निर्माण करती है, जो बाजार में डिमाण्ड से बिकती है। प्रमुख क्वालिटी ब्राण्ड में सीता एक्सक्लूसिव सूटिंग, STAR-HIT एवं अकाई के अन्तर्गत यूनिफॉर्म फैब्रिक बाजार में डिमाण्ड के साथ बिकती है। यूनिफॉर्म फैब्रिक मुख्यतः स्कूल, कॉलेज, इंस्टीट्यूट, हॉस्पिटल, होटल एवं कॉर्पोरेट सेक्टर में सप्लाई की जा रही है। सीता कॉटेज में बढ़ते कार्यभार के कारण शामिल हुए युवा उद्यमी श्री अभिषेक पोद्दार पिछले कुछ वर्षों से अपनी बेहतर सेवाएँ दे रहे हैं, जिनका कम्पनी के प्रबन्धन कार्य में काफी योगदान है। कम्पनी के अन्य ब्राण्ड गोल्डबाई एस.सी. इण्डस्ट्रीज के तहत भी फैब्रिक का निर्माण किया जा रहा है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री कुंज बिहारी पोद्दार ने बताया कि फैंसी व यूनिफॉर्म सूटिंग फैब्रिक पीवी×पीसी में उत्पादन कर रहे हैं। प्लेन सूटिंग में कम्पनी के पास ट्रोविन, टेक्सच्राइज्ड, ट्विल, टसर के तहत 25 से 30 वैरायटियाँ बाजार में हैं तथा चलन के लिहाज से सभी कलर्स में माल तैयार किया जाता है। इनके अलावा कम्पनी के अन्य रेग्युलर डिमाण्ड से बिकने वाली क्वालिटियों मे प्लेटिनम, रेपिड, मिक्सर एवं एटीएन शामिल हैं।


**होलसेल कपड़ा व्यापार में शीर्ष स्तर पर पोद्दार टेक्सटाइल -** गोरखपुर स्थानीय होलसेल कपड़ा व्यवसाय में पोद्दार टेक्सटाइल्स का नाम यहाँ के टॉप घरानों में शीर्ष पायदान पर शामिल होता है। इसके संचालक श्री महेश पोद्दार ने व्यापार की जानकारी देते हुए बताया कि पोद्दार टेक्सटाइल देश के कई नामी-गिरामी वस्त्र उत्पादक कम्पनियों के उत्पाद सेल कर रही है, जिसमें सूटिंग-शर्टिंग, साड़ीज, लेडीज सूट एवं ड्रेस मटीरियल शामिल है। फर्म होलसेल व्यापार में पूर्वांचल क्षेत्र में अपनी महत्त्वपूर्ण भागीदारी रखती है एवं उपभोक्त । को बाजार में बदलते फैशन ट्रेण्ड एवं सीजन की डिमाण्ड अनुसार प्रत्येक तरह के उत्पाद सप्लाई करने को प्रतिबद्ध है। फर्म के प्रमुख सहयोगियों में श्री विनीत पोद्दार एवं श्री विभोर पोद्दार व्यापार में अपनी बेहतर सेवाएँ दे रहे हैं तथा अपने रिटेलर्स को सदैव बेहतर सेवाएँ देने के लिये पूर्ण रूप से तत्पर हैं। फर्म प्रमोशन ब्राण्डिंग कार्यक्रम के द्वारा सालाना बिक्री आधारित योजना के तहत व्यापारियों को विदेश भ्रमण भी करवाती है तथा इसी कार्यक्रम के तहत् प्रतिवर्ष एक ही छत के नीचे व्यापारियों को कई क्वालिटी उत्पादों एवं ब्राण्ड्स को डिस्प्ले के माध्यम से कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर माल उपलब्ध कराती है। गौरतलब है कि पोद्दार टेक्सटाइल्स अपने व्यापारियों को कई बार विभिन्न देशों की हवाई यात्रा करवा चुके हैं।

**वर्षभर यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन-** इस क्षेत्र में प्रमुख कम्पनी सीता कॉटेज इण्डस्ट्रीज के अन्तर्गत यूनिफॉर्म फैब्रिक की विभिन्न क्वालिटियों का उत्पादन किया जा रहा है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री कुन्ज बिहारी पोद्दार के प्रबन्धन से यूनिफॉर्म ब्राण्ड्स ने बाजार में बेहतर जगह बनाई है।

**विपणन एवं सेल्स नेटवर्क-** कम्पनी का सेल्स नेटवर्क एक सुव्यवस्थित मार्केटिंग के तहत् यूपी, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, असम, प. बंगाल, बिहार, झारखण्ड एवं पूर्वोत्तर भारत की कई वस्त्र मण्डियों में स्थापित है। कम्पनी अपना कारोबार एक नियत सिस्टम के तहत एजेण्ट एवं डीलर बेस पद्धति के आधार पर करती है।

**होलसेल दरों में रिटेल सेल-** ग्रुप द्वारा शहर में सांवरिया प्रतिष्ठान नाम से भव्य शोरूम स्थापित किए जिसमें तीन शाखाएं संचालित की जा रही है जहां उपभोक्ता को क्वालिटी ब्राण्ड्स के उत्पाद रीटेल में भी होलसेल दरों पर उपलब्ध किया जा रहा हैं।









## यार्न आपूर्ति में पूर्वांचल क्षेत्र का महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान

# प्रहलाद राय एण्ड कम्पनी



**गोरखपुर/** पूर्वांचल क्षेत्र में यार्न सप्लाई करने वाली प्रसिद्ध कम्पनी प्रहलाद राय एण्ड कम्पनी ने इस क्षेत्र में बेहतर मुकाम हासिल करते हुए सतत् रूप से 83 वर्ष पूर्ण किये हैं।

कम्पनी का शुभारम्भ सन् 1940 में फाउण्डर श्री प्रहलाद राय छापड़िया द्वारा किया गया और शुरूआती दौर में कॉटन धागे की आपूर्ति में अपनी पहचान बनाते हुए कई शीर्ष मिलों को यार्न सप्लाई कर रहे है। सन् 1988 से कम्पनी में इनके पौत्र श्री विनय छापड़िया एवं श्री आशीष छापड़िया कारोबार में शामिल हुए तथा व्यापार को समय के साथ नई ऊँचाइयों की ओर ले गये। इन्होंने अपने कुशल नेतृत्त्व से सिंथेटिक्स यार्न मिलों से जुड़ते हुए पूर्वांचल क्षेत्र की शीर्ष यार्न सप्लायर के रूप में कम्पनी को पहचान दिलाने में कामयाबी हासिल की है।

कम्पनी द्वारा यार्न ट्रेड में फिलामेंट यार्न को भी शामिल किया जिसको श्री आशीष छापड़िया के युवा सुपुत्र श्री शिखर छापड़िया (एमबीए) शिक्षा पूर्ण करने के बाद इस सेक्टर में कार्यभार देख रहे हैं।

**फिलामेंट यार्न-** भिलोशा, सनातन, राज रेयॉन, डीएनएच, भूमि यार्न एवं रिलायन्स पॉलिएस्टर शामिल है।

**पीवी पॉलिएस्टर यार्न-** इसके अन्तर्गत अंकुर उद्योग, जाह्नवी स्पिनर्स, महावीर सिन्टेक्स, त्रिवेणी स्पिनर्स, एसआरएम भीलवाड़ा, सूर्यअम्बा नागपुर, कंचन स्पिनर्स एवं इण्डियन एक्रेलिक निर्मित यार्न की आपूर्ति की जा रही है।

**कम्पनी का सेल्स नेटवर्क-** उत्तर प्रदेश, खलीलाबाद, मेरठ, लुधियाना, वाराणसी, गजुंडवाड़ा, टांडा, मऊ, कानपुर, गाजियाबाद, पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली मण्डियों तक विस्तृत है तथा देश की कपड़ा उत्पादक कम्पनियों को यार्न सप्लाई कर रहे हैं।






## ब्राण्डेड फैब्रिक की होलसेल आपूर्ति में प्रतिष्ठित फर्म

# गौरव सिंथेटिक्स







**गोरखपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में अनुभवी वस्त्र व्यापारी श्री सज्जन जालान पिछले 31 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यकर रहे है श्री जालान अपने कार्यकौशल एवं अथक परिश्रम से कपड़ा व्यापार में बेहतर सफलता हासिल की है श्री जालान ने बाताया कि हमारे प्रतिष्ठान का शुभारम्भ 24 अक्टूबर 1993 को किया गया था। उस दिन दशहरा पर्व था और पिछले वर्ष हमारे द्वारा नवीन प्रतिष्ठान का शुभारम्भ किया उस दिन भी 24 अक्टूबर 2023 का सयोंग मिला।


**गौरव सिन्थेटिक्स** द्वारा होलसेल व्यापार में कई मेन्सवियर सूटिंग-शर्टिंग के विभिन्न टॉप ब्राण्ड की फैब्रिक सप्लाई की जा रही है जिसमें गिन्नी, सियाराम कम्पनी के कडिनी, वेलार्डी एवं एथेनियर, नवसारी, बजाज फेब, जालान, श्री विष्णु, जय करनी, सनमती, स्पनवेल, राजगीर इत्यादि शामिल है। इनके सहयोगी प्रतिष्ठानों में श्री बालाजी सिन्थेटिक्स एवं रवि सिन्थेटिक्स में क्रमशः साड़ी एवं लेडीज सूट की थोक आपूर्ति की जा रही है।

श्री जालान ने बताया कि यूनिफॉर्म सेक्टर में भी हमारे पास कई टॉप ब्राण्ड्स है जिसमें वाल्जी, सागर, काका यूनिफॉर्म, कारीवाल, यूनिकॉड (सियाराम) स्पर्शफेब एवं क्यूमेक्स वर्ल्ड की विभिन्न डिजाइन्स एवं कलर रेंज की फैब्रिक सप्लाई में हमारी फर्म पूर्णतया सक्षम है। फर्म का सेल्स नेटवर्क गोरखपुर एवं इसके 150 km की रेंज में बेहतर है। व्यापार में युवा टीम श्री रवि अग्रवाल एवं श्री अंकित अग्रवाल अपने अनुभव एंव कार्यकौशल से संचालन कर रहे है।











## ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग खरीदी का प्रमुख होलसेल घराना शिवकुमार अजय कुमार





**गोरखपुर/** स्थानीय कपड़ा बाजार में प्रतिष्ठित फर्म शिवकुमार अजयकुमार व्यापार में व्यापार सतत् रूप से 43 वर्ष पूर्ण कर चुकी है। फर्म के संस्थापक श्री बद्री प्रसाद छापड़िया ने अपने अनुभव एवं कार्यकौशल से बेहतर मुकाम हासिल किया। पिछले 33 वर्षों से कार्यभार देख रहे इनके पुत्र श्री राजेश छापड़िया निरंतर अपनी फर्म को समय के साथ इनोवेशन करते रहे हैं और आज कई क्वालिटी के उत्पादों की आपूर्ति कर रहे हैं।

श्री राजेश छापड़िया ने बताया कि सूटिंग सेल में ओसिएम, कडिनी, रेमंड एवं जे हेम्पस्टेड आदि मिलों के प्रॉडक्ट्स सप्लाई कर रहे हैं।

शर्टिंग के अंतर्गत कडिनी, क्रिपलोन, बजाज फैब एवं यूनिफॉर्म आपूर्ति में नामचीन ब्राण्ड वालजी, महाजन एवं ATEY की सप्लाई कर रहे हैं।

व्यापार में कई ब्राण्ड्स के मिक्स एंड मैच जोड़ी पैकिंग में क्वालिटी फैब्रिक भी सेल कर रहे हैं। भीलवाड़ा निर्मित कम्पनियों में सम्बोधी एवं सोनको की फैब्रिक शामिल है।

इनका सेल्स नेटवर्क गोरखपुर एवं इसके आस-पास 150 किलोमीटर में विस्तृत है और ग्राहकों में इनकी अच्छी पकड़ होने से काफी संख्या में रिटेलर्स खरीदी करने आते हैं। व्यापार में इनके युवा पुत्र श्री दीपक छापड़िया बी कॉम करने के बाद पिछले 2 वर्षों से कार्य कर रहे हैं।

## यूनिफॉर्म सूटिंग-शर्टिंग उत्पादन में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान दुर्गा ट्रेडिंग कम्पनी





**गोरखपुर/** स्थानीय कपड़ा उत्पादन में प्रसिद्ध दुर्गा ट्रेडिंग कम्पनी ने निरन्तर डवलपमेण्ट के साथ अपने ब्राण्ड को देश के कई क्षेत्रों में पहचान दिलाई है। कपड़ा व्यापार में श्री अशोक कुमार देवड़ा ने 1975 से अपना व्यवसाय शुरू करते हुए हेण्डलूम धोती एवं गमछा निर्माण में महारत हासिल की। कारोबार में मिली सफलता के मद्देनजर श्री देवड़ा के युवा सुपुत्र श्री नितिन देवड़ा भी 2005 से निरंतर अपने अनुभव से बेहतर संचालन कर रहे है एवं उन्होंने अपने कार्यकौशल एवं परिश्रम से यूनिफॉर्म सेगमेण्ट में सूटिंग-शर्टिंग उत्पादन करते हुए बेहतर डवलपमेण्ट के साथ ब्राण्ड को ऊँचाइयाँ प्रदान की।

श्री नितिन ने अपने कारोबार की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी कम्पनी ब्राण्ड DTC के अन्तर्गत यूनिफॉर्म उत्पादों में सूटिंग-शर्टिंग तथा शत-प्रतिशत कॉटन गमछा व धोती का निर्माण कर रही है।

**यूनिफॉर्म उत्पाद-** इस सेगमेंट में 2/30 ps4, 2/30 p1, 2/40 p1, 150 रेटो, 80 कोटलुक के अन्तर्गत लगभग 20-25 कलर रेंजों में सूटिंग फैब्रिक का उत्पादन किया जा रहा है।

**शर्टिंग उत्पादन-** कम्पनी सूटिंग के अलावा यूनिफॉर्म शर्टिंग का भी विशेष रूप से निर्माण कर रही है, जिसमें रेमण्ड कॉटन 44'' एवं 36'' पने में एवं स्कूल चैक्स तथा प्लेन फैब्रिक में भी बेहतर माल तैयार करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यूनिफॉर्म फैब्रिक APC डिमाण्ड (प्रोग्राम आधारित) के अनुसार भी विशेष रूप से बनाकर सप्लाई करने में सक्षम हैं।

**सप्लाई चेन -** कम्पनी अपने उत्पाद स्कूल यूनिफॉर्म इंस्टीट्यूट कॉर्पोरेट, इण्डस्ट्री एवं अन्य सेक्टर में सप्लाई कर रही है।

**विपणन -** कम्पनी का सेल्स नेटवर्क यूपी, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं बंगाल में सुस्थापित है। इसके अलावा कम्पनी देश के अन्य क्षेत्रों के लिये भी एजेन्ट के माध्यम से व्यापारियों को आमन्त्रित कर रही है, जिससे कि क्षमता विस्तार हो सके। इसके लिये अच्छे एजेण्टों के माध्यम से अन्य कई वस्त्र मण्डियों में भी नेटवर्क स्थापित किया जा रहा है।






## एजेंसी एवं ट्रेडिंग कार्य में बेहतर नेटवर्क स्थापित किया DKML Pvt. Ltd.







**गोरखपुर /** स्थानीय कपड़ा बाजार में टेक्सटाइल ट्रेडिंग कार्य में अपना शानदार नेटवर्क स्थापित करते हुए फर्म डिकेएमएल (DKML) ने वस्त्र व्यापार में उम्दा पहचान बनाई है।


फैक्ट्री में नेट (मच्छर जाली) का उत्पादन।

कपड़ा व्यापार में वैसे एजेंसी कार्य की शुरूआत 38 वर्ष पूर्व स्व. श्री ओमप्रकाश केडिया द्वारा की गई थी। इसी क्रम में व्यापार का कार्यभार देख रहे श्री मन्नालाल केडिया एवं इनके सुपुत्र श्री अभिषेक एवं साथ में युवा टीम श्री राजेश एवं श्री विनय केडिया के कुशल नेतृत्त्व ने इस क्षेत्र में बेहतर नेटवर्क स्थापित किया है। एजेंसी के कार्यों की जानकारी देते हुए प्रबन्धक श्री मन्नालाल केडिया ने बताया कि DKML के अन्तर्गत धोती, मार्किन, साड़ी, कम्बल, पानीपत निर्मित उत्पाद मिक, पिलो, रूबिया, टु बाई टु, लालकिन, बेडशीट, खोल, सूरत निर्मित पर्दा क्लॉथ एवं बेडशीट की होलसेल सप्लाई कर रहे है। कम्पनी पाली, बालोतरा, बुरहानपुर, इचलकरंजी, सूरत एवं पानीपत निर्मित उत्पादों की सप्लाई के अन्तर्गत इन मण्डियों में बेहतर नेटवर्क बना चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि इसकी विशेष बात यह है कि 200 किमी. के दायरे में जो भी व्यापारी माल ऑर्डर करता है, उसको दूसरे ही दिन माल सप्लाई कर दिया जाता है। गीड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित प्लाण्ट मच्छरदानी का उत्पादन करता है जो डिमाण्ड से बिक रहा है और यहाँ वेयर हाउस भी है जहाँ माल स्टोरेज की बेहतर सुविधा उपलब्ध है, जो वर्षभर माल आपूर्ति की क्षमता रखता है।

**सेल्स नेटवर्क...**कम्पनी का सेल्स नेटवर्क गोरखपुर, यूपी एवं बिहार की कई वस्त्र मण्डियों में विस्तृत है। श्री केडिया के अनुसार गोरखपुर टेक्सटाइल हब बनने जा रहा है। गीड़ा इण्डस्ट्रियल क्षेत्र में विभिन्न प्रोजेक्ट आ रहे हैं, क्योंकि गोरखपुर क्षेत्र का इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में काफी डेवलपमेण्ट हुआ है और इससे इण्डस्ट्री विस्तार को काफी बल मिलेगा।

**मच्छरदानी का उत्पादन...**कम्पनी द्वारा स्थानीय औद्योगिक क्षेत्र गीडा में मच्छरदानी का उत्पादन किया जा रहा है जो डिमाण्ड से बिक रहा है।

## यूनिफॉर्म सेक्टर में सूटिंग-शर्टिंग निर्माण की प्रसिद्ध फर्म पुनीत टेक्सटाइल










**गोरखपुर/** स्थानीय कपड़ा उत्पादन क्षेत्र में शर्टिंग यूनिफॉर्म निर्माण में सबसे पुरानी एवं विश्वसनीय फर्म पुनीत टेक्सटाइल पिछले 25 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत है।

कार्य की शुरूआत फर्म के संस्थापक ऑनर श्री पवन कुमार अग्रवाल द्वारा की गई थी, तब से इन्होंने बेहतर सफलता हासिल की है। व्यापार में प्रमुख रूप से सहयोगी इनके पुत्र श्री विनीत कुमार अग्रवाल ने अपने कार्य क्षेत्र के बारे में बताया कि हमारी फर्म क्वालिटीयुक्त उत्पादों का ही निर्माण करती है। हमारी फर्म सूटिंग उत्पादन में भी कार्य शुरू कर चुकी है, जिसमें यूनिफॉर्म फैब्रिक की विभिन्न कलर रेंज बना रही है। शर्टिंग- शर्टिंग उत्पादन में गोरखपुर वस्त्र मण्डी में प्रथम फर्म जिन्होंने इस क्षेत्र में कदम रखा तथा वर्तमान में रेमण्ड कॉटन एवं स्विस कॉटन का बेहतरीन क्वालिटीयों में माल तैयार करती है तथा 36'' व 44'' दोनों में क्रमशः 10-15 कलर रेंज एवं 25-30 कलर रेंजो में वर्ष भर माल का उत्पादन एवं विक्रय कर रही है। श्री विनित अग्रवाल ने बताया कि स्विस कॉटन 44'' में 30 कलर रेंजों का वर्ष भर उत्पादन एवं विक्रय करती है।

स्विस कॉटन 44'' में 30 कलर रेंजों का उत्पादन एवं विक्रय करती है। इसके अलावा कम्पनी प्रोग्राम आधारित (APC) सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक का निर्माण कर उपलब्ध कराने में भी महारत रखती है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कम्पनी स्कूल यूनिफॉर्म सप्लाई में विशिष्टता रखने के अलावा फैंसी तथा प्लेन शर्टिंग का भी निर्माण करती है।

**मार्केटिंग सेल्स -** कम्पनी के युवा प्रबन्धक श्री विनीत अग्रवाल ऊर्जावान रहते है और बाजार के ट्रेण्ड के अनुसार अपने उपभोक्ता को श्रेष्ठ उत्पाद देने की सोच सदैव रखते है। मार्केटिंग क्षेत्र में इन्होंने मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। वर्तमान में एजेन्ट प्रणाली से माल सप्लाई कर रही है जिसमें यूपी, बिहार एवं अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कम्पनी अपने कार्य विस्तार के तहत् देश के अन्य क्षेत्रों में भी व्यापारियों को अपने सिस्टम में माल सप्लाई के लिये प्रयासरत है।

**सूटिंग फैब्रिक-** कम्पनी सूटिंग उत्पादन में भी महत्त्वपूर्ण अहमियत रखती है जो अपने प्रमुख ब्राण्ड डायमण्ड गोल्ड एवं केपिटल नाम से उत्पादन एवं विक्रय कर रही है।




## विश्वसनीय एवं शीर्ष एजेन्सी क्षेत्र में अग्रणी नाम श्री गणेश टेक्सटाइल एजेन्सी



**गोरखपुर /** स्थानीय वस्त्र मण्डी में शीर्ष टेक्सटाइल एजेंसी क्षेत्र में जानामाना प्रतिष्ठित नाम गणेश टेक्सटाइल एजेंसी देश की कई वस्त्र उत्पादक मण्डियों में अपना बेहतर नेटवर्क बना चुकी है। फर्म के ऑनर एवं संस्थापक श्री श्याम सुन्दर रूंगटा एवं श्री अजय रूंगटा के अनुभव एवं कुशलनेतृत्व में सन् 1992 में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे है। वर्तमान में कार्यभार का संचालन कर रहे श्री अजय रूंगटा ने वस्त्र उत्पादकों एवं होलसेलर्स को कड़ी के रूप में जोड़ते हुए पारदर्शी व्यापार कर रहे है और कई शीर्ष कम्पनियों की माल सप्लाई कर रहे है।

कपड़ा व्यापार में मुख्यतः धोती, पोपलीन, पर्दा, साड़ी, मार्किन एवं वूलन मालों की सप्लाई प्रमुखता से होती है, जिसमें बीटी मिल बुरहानपुर, कोचर- अमृतसर, शॉल ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ब्रदर्स- लुधियाना व सूटिंग-शर्टिंग सप्लाई में नामचीन कम्पनी अरविन्द के उत्पादन सप्लाई कर रहे है एवं BT एवं कोच (अमृतसर) के उत्पाद शामिल है। साड़ी सप्लाई में मथुरा निर्मित राधिका प्रिण्ट्र्स एवं दशमेष धोती मुम्बई का काम भी शामिल किया गया है।

**वितरण क्षेत्र** -फर्म का नेटवर्क गोरखपुर एवं इसके आस-पास आजमगढ़, जोनपुर, बस्ती, खलीलाबाद, देवरिया, कानपुर एवं पड़ोसी देश नेपाल की वस्त्र मण्डियों तक फैला हुआ है। श्री रुंगटा ने बताया कि कपड़ा व्यापार में हम बेहतर सेवाएँ देने एवं क्वालिटी उत्पाद आपूर्ति में सदैव तत्पर रहे हैं। व्यापार के बेहतर भविष्य की कामना करते हैं। हमारे व्यापारियों को प्रॉपर सर्विस देना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है। फर्म द्वारा व्यापार की सुलभता एवं सेल्स नेटवर्क विस्तार को देखते हुए कानपुर में भी ब्रान्च कार्य कर रही है और इसके चलते हमारे सेल्स नेटवर्क का विस्तार हुआ है।









## कमलापुरी टेक्सटाइल एजेंसी ने सतत कार्य करते हुए बनाई विशिष्ट पहचान



**गोरखपुर/** स्थानीय टेक्सटाइल ट्रेड में एजेंसी कार्य में काफी लंबे समय से बाजार में अपनी बेहतर पहचान बना चुकी कमलापुरी टेक्सटाइल वर्तमान में देश की कई कपड़ा उत्पादक मण्डियों से कार्य कर रही है। एजेंसी के संस्थापक श्री प्रभु दयाल कमलापुरी ने बताया कि एजेंसी कार्य में हमारी फर्म के अंतर्गत सूरत, पाली, बालोतरा, जसोल, कोलकाता, सोलापुर, पानीपत, लुधियाना, सेलम एवं भीलवाड़ा के निर्मित उत्पादों की सप्लाई की जा रही है। एजेंसी गोरखपुर शहर के अलावा 100 से 150 किलोमीटर सराउंडिंग क्षेत्र में अपने बेहतर नेटवर्क के साथ कार्य कर रही है। पिछले कुछ वर्षों से उनके युवा पुत्र श्री हिमांशु कमलापुरी एजेंसी कार्य में सहयोग करते हुए सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। श्री कमलापुरी ने बताया कि हमारी फर्म में पारदर्शितापूर्ण कार्य करना एवं मजबूत नेटवर्क स्थापित करते हुए कार्य करना प्रमुख ध्येय हैं।





**गोरखपुर में टेक्सटाइल वर्ल्ड न्यूज पेपर लेने एवं विज्ञापन देने व पेपर की सदस्यता के लिए श्री तेजप्रताप सिंह प्रतिनिधि (टेक्सटाइल वर्ल्ड) से संपर्क कर सकते हैं। मो. नंबर 93369-89682**


## पूर्वांचल क्षेत्र का प्रमुख टेक्सटाइल शहर जहां यूनिफॉर्म फैब्रिक का होता है काफी उत्पादन

**गोरखपुर/ दीपक कारीवाल**

स्थानीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री को स्कूल यूनिफॉर्म फैब्रिक उत्पादन के लिए पूरे देश में पहचान मिली हुई है और यहां से काफी जगह वाजिब दरों में फैब्रिक सप्लाई की जा रही है।




### गोरखपुर वस्त्र उद्योग : एक नजर

शहर में गीडा इंडस्ट्रीज क्षेत्र में प्रौद्योगिकी जोन के रूप में विस्तार हुआ वही सहजनवा, खलीलाबाद एवं बरगदवा में भी इंडस्ट्रीज गतिशील है।

### कुल वीविंग

स्थानीय वस्त्र उद्योग में 2500 के लगभग ऑर्डिनरी लूंम रनिंग में है। 115 की लगभग सल्जर एवं यहां के सबसे बड़े औद्योगिक समूह वी एंड डायर्स में सल्जर के अलावा 54 एयर जेट हाई स्पीड लूम पर कपड़ा उत्पादन हो रहा है।

### स्पिनिंग सेक्टर

गोरखपुर में प्रमुख धागा मिलों में महावीर जूट मिल, अंकुर उद्योग एवं जहान्वी गतिशील है जो श्रेष्ठ क्वालिटी में उत्पादन कर रही है जिसकी सप्लाई गोरखपुर के अलावा देश की अन्य कपड़ा उत्पादक मंडियों में की जा रही है। धागा सप्लाई में ट्रेडर कंपनी प्रहलाद राय एंड कंपनी जो आज से 85 वर्षों से इस क्षेत्र में कार्य कर रही है।

### प्रोसेस हाउस

स्थानीय कपड़ा उद्योग के लिए कुल तीन प्लांट संचालित है जिनके वीएन डायर्स एवं दो इकाइयां अम्बे प्रोसेसर्स की गतिमान है।

### यूपी में निवेश के लिए मुख्यमंत्री योगी की पहल

2017 में स्थानीय शहर के ही गुरु गोरखनाथ के महंत जो पहली बार सुबे के सीएम बने तब उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को तलाशने के लिए टीम लगाई गई थी। जिसकी रिपोर्ट आई कि प्रदेश में 20 हजार करोड़ का निवेश आ सकता है। इसके मद्देनजर फरवरी 2023 तक 40 लाख करोड रुपए का निवेश करने के प्रस्ताव मिले इनमें से 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव का पीएम मोदी की उपस्थिति में हुए ग्राउंड सेरेमनी में शिलान्यास भी हो चुका है। इसी क्रम में सीएम योगी के द्वारा गिड़ा में 27 में पेटिस्को द्वारा 1170 करोड रुपए के निवेश से लगी यूनिट शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी संयंत्र का औपचारिक उद्घाटन किया गया और कहा की अब युवा पीढ़ी को यहीं पर रोजगार मिलेंगे। एमएसएमई उद्योग में भी रोजगार सृजन किए गए जिसमें लाखों युवाओं को स्वरोजगार के लिए सरकार ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करा रही है। रेडीमेड सेक्टर में डेवलपमेंट के लिए एक जिला एक उत्पाद योजना में गोरखपुर से रेडीमेड गारमेंट को शामिल किया गया है।

### संकट के दौर से गुजर रहा है टेक्सटाइल उद्योग

इधर टेक्सटाइल वर्ल्ड संवाददाता के द्वारा गोरखपुर परिशिष्ट प्रशासन के लिए वस्त्र उद्यमी एवं व्यापारियों से बातचीत की गई तो उन्होंने अपने समस्याएं बताई और कहा कि वर्तमान दौर में गोरखपुर वस्त्र उद्योग लंबे समय से कोरोना काल से भी खराब हालत में है जिसके चलते उत्पादन में 50 प्रतिशत की कमी आई है प्राप्त जानकारी के अनुसार कारण ज्ञात हुआ कि उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों में स्कूल ड्रेस को लेकर मांग कम होने एवं पावरलूम को मिलने वाली बिजली बिल की छुट की दर घटाना शामिल है।

लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष दीपक कारीवाल ने बताया कि कई इकाइयां बंद है या शिफ्टिंग में चलाई जा रही है स्टॉक बढ़ गया है और उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा स्कूल यूनिफॉर्म की राशि अभिभावकों के खाते में ट्रांसफर करने से फैब्रिक खरीदी में काफी गिरावट आई अधिकांश लोग ड्रेस खरीद कर ही नहीं रहे हैं। वहीं राज्य सरकार ने यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई कर काटेक्स राजस्थान (भीलवाड़ा) की एक कम्पनी को दे दिया जिसमें यहां के कपड़ो की मांग नहीं रही है। कारीवाल बताते है कि बिजली बिल में मिलने वाली छूट में परिवर्तन को भी इसके लिए जिम्मेदार बताते हैं। उनका कहना है कि 31 मार्च, 2023 तक 143 रुपये प्रति मशीन बिल देना था, लेकिन एक अप्रैल, 2023 से 880 रुपये प्रति - मशीन कर दिया गया। हालांकि इसको लेकर कोई सख्ती नहीं है।

**चार साल पहले तक हर महीने बनता था 50 लाख मीटर कपड़ा -** दीपक कारीवाल बताते हैं कि चार साल पहले तक हर महीने 50 लाख मीटर कपड़ा यहां तैयार किया जाता था। कोरोना काल में जब इकाइयों का संचालन शुरू हुआ तो भी 25 लाख मीटर कपड़े का उत्पादन जारी था लेकिन वर्तमान में यह लगभग 12 लाख 50 हजार मीटर रह गया है।

**धागे की मांग में भी कमी लेकिन, उत्पादन बरकरार -** टेक्सटाइल सेक्टर में आई मंदी का असर धागा बनाने वाली इकाइयों पर भी पड़ा है। गोरखापुर व संतकबीरनगर में मिलाकर चार इकाइयां धागा बनाती हैं। सभी इकाइयों में मिलाकर प्रतिदिन लगभग 100 टन धागा बनाया जाता है। 50 टन धागा रोज बनाने वाली कंपनी अंकुर उद्योग के निखिल जालान बताते हैं कि मांग में काफी कमी है लेकिन उत्पादन कम नहीं किया गया है। कपड़ा उद्योग के लिए यह काफी कठिन समय है।

# शीर्ष होलसेल फर्म पोद्दार टेक्सटाइल्स के तत्वावधान में दो दिवसीय भव्य डिस्प्ले एवं फैशन शो सफलतापूर्वक सम्पन्न









गोरखपुर/ स्थानीय वस्त्र मण्डी की शीर्ष होलसेल फर्म पोद्दार टेक्सटाइल्स के तत्वावधान में दो दिवसीय डिस्प्ले बुकिंग एवं फैशन शो आयोजित किया गया जो भव्य रूप में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम 22 व 23 सितम्बर 2024 को होटल कोर्टयार्ड बाई मेरियट में वस्त्र प्रदशर्नी एवं फैशन फियेस्टा 4.0 आयोजित किया गया। जिसमें कई दिग्गज कम्पनियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि पोद्दार टेक्सटाइल्स द्वारा इस प्रकार का चौथा सफलतम आयोजन सम्पादित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम दिवस ख्याति प्राप्त बॉलीवुड स्टार रविकिशन व अमृता राव के संयुक्त सानिध्य से फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित करके भव्य डिस्प्ले का शुभारम्भ किया गया।

पोद्दार टेक्सटाइल्स के श्री महेश पोद्दार ने बताया कि इस फैशन फिएस्टा में देश की नामचीन मॉडल्स हिस्सा ले रही है। यह पूर्वांचल की एकमात्र ऐसी व्यापारिक प्रदर्शनी है जिसमें उत्पादक, विक्रेता व क्रेता तीनों का मिलन एक ही छत के नीचे हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के सभी प्रमुख ब्रांड इस भव्य वस्त्र प्रदर्शनी में एक जगह उपलब्ध हैं।

## फैशन फियेस्टा 4.0 का द्वितीय दिवस भी रहा धमाकेदार

श्री विनीत पोद्दार ने बताया कि आगामी 6 माह के व्यापारिक सीजन के मद्देनजर प्रमुख रूप से 'अभिवादन, क्यान, सत्य वचन, गणेश कृपा, संभव साड़ी, अनुश्री, पिंक लोटस, कला श्री, इंडियन वुमन के फैन्सी वस्त्रों का फैशन शो व डांस प्रोग्राम आयोजित किया गया, यह दोनों शो लगभग 2 घंटे चले। अभिनेत्री श्रीमती अमृता राव ने भव्य वस्त्र प्रदर्शनी एवं फैशन शो के उद्घाटन के बाद कहा कि बाबा गोरक्षनाथ की धरती पर पहली बार आने पर बहुत अच्छा लग रहा है, यहां पर पॉजिटिव एनर्जी है, मै धन्यवाद देती हूं पोद्दार टेक्सटाइल को, जो कि आज के माहौल में गोरखपुर वासियों को इंडियन वियर में एक से एक नई डिज़ाइन पहुंचा रहे हैं।

अभिनेता श्री रविकिशन ने कहा कि टेक्सटाइल के क्षेत्र में इस तरह की प्रदर्शनी कम ही देखने को मिलती है। श्री विभोर पोद्दार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतिष्ठान की शुरुआत 2009 में हुई, उसके बाद से ही पूर्वांचल व पड़ोसी राज्य बिहार के व्यापारियों के निरंतर मिलते प्यार और सहयोग से लगातार 15 वर्षों से फर्म आपकी सेवा में तत्पर है।

श्री अंकित पोद्दार ने बताया कि अभिनेत्री अमृता राव द्वारा कुछ विशेष व्यापारी बंधुओं को स्मृति चिन्ह एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस भव्य वस्त्र प्रदर्शनी में गोरखपुर बस्ती देवरिया महाराजगंज बड़हलगंज आजमगढ़, मऊ, फैजाबाद, सिद्धार्थ नगर, कुशीनगर, खलीलाबाद सहित पूर्वी बिहार के करीब 554 व्यापारियों ने प्रथम दिन सहभागिता दी। यह प्रदर्शनी दिनांक 23 सितंबर को भी फैशन फिएस्टा व फैशन शो के साथ चालू रहेगी।

इस प्रदर्शनी में देश की नामचीन कपड़ा कंपनियों के डायरेक्टर स्वयं उपस्थित है, जिसमें प्रमुख रूप से सर्वश्री दिलीप शिवनानी, विकी मंधानी, विकास खेमका, भावेश सोडानी, अश्वनी सिंह, सुनील जैन, नितिन अग्रवाल, महेंद्र पोद्दार, नवीन सेवानी, विवेक नारनोलिया, शलभ जैन, वरुण अरोरा, राजीव चावला इत्यादि उपस्थित रहे।









### बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार रवि किशन एवं अमृताराव ने की शिरकत





# पूर्वांचल क्षेत्र की पूर्णतया संगठित मिल
# वी एन डायर्स एण्ड प्रोसेसर्स प्रा. लि.

## ब्लेण्डेड सूटिंग निटिंग सेक्टर में भी क्वालिटी उत्पादन



गोरखपुर/ स्थानीय कपड़ा उत्पादन क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण कम्पनी वी.एन. डायर्स एण्ड प्रोसेसर्स प्रा. लि. उत्तर-पूर्वी भारत की सबसे बड़ी यूनिट के रूप में विख्यात है। कम्पनी को सरकारी मान्यता प्राप्त कम्पोजिट टेक्सटाइल मिल के रूप में दर्जा प्राप्त होने के साथ उम्दा क्वालिटी के फैब्रिक निर्माण में भी ख्याति प्राप्त है। कम्पनी का शुभारम्भ फाउन्डर श्री विष्णु प्रसाद अजीतसरिया द्वारा सन् 1993 में किया गया था। श्री विष्णुप्रसाद अजीतसरिया के युवा सुपुत्र श्री विनोद अजीतसरिया कम्पनी के प्रबन्धन कार्य में प्रमुख रूप से सेवाएँ दे रहे हैं। कम्पनी के कार्यक्षेत्र की जानकारी देते हुए श्री विनोद अजीतसरिया ने बताया कि कम्पनी द्वारा एक कम्पोजित यूनिट सेगमेंट में आधुनिक तकनीकियुक्त मशीनों द्वारा पॉलिएस्टर एवं पीवी फैब्रिक निर्माण किया जा रहा है।

### मॉडर्न तकनीकयुक्त प्रोसेस हाउस

बेहतर फील फिनिश के लिये फैक्ट्री परिसर में स्वयं का प्रोसेस हाउस है, जिसमें तीन स्टेण्टर स्थापित हैं, जिनमें 2 स्टेण्टर पर कार्य हो रहा है। जिसका वार्षिक उत्पादन 2.5 करोड़ मीटर है। प्रोसेस गृह में नवीनतम तकनीकियुक्त मशीनरी स्थापित है, जिनमें धर्मेक्स कम्पनी के बॉयलर लगे हुए हैं। पर्यावरणीय मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए शत-प्रतिशत ईटीपी प्लाण्ट कार्यरत है, जिसकी वजह से एक बूँद भी केमिकल युक्त पानी बाहर नहीं छोड़ा जाता है।

**सूटिंग उत्पाद-** पूर्वांचल क्षेत्र में पॉलिएस्टर, विस्कोस (67/ 33 प्रतिशत) ब्लेण्डेड सूटिंग की सबसे बड़ी उत्पादक कम्पनी है। सभी फैब्रिक्स आईएसओ 9001-2008 में उल्लेखित मानक की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। कम्पनी द्वारा निर्मित क्वालिटी में प्लेन, ट्रोविन व मेटी सूटिंग बाजार में सप्लाई की जाती है। कम्पनी में प्रिंटिंग वस्त्रों का भी खासतौर पर उत्पादन किया जा रहा है। इस क्षेत्र में इनकी प्रमुख सहयोगी कम्पनी विनोद फैब्रिक्स भी है, जो सूटिंग उत्पादन में कार्यशील है एवं यूनिफॉर्म एक्सपोर्ट में वृहत स्तर पर कार्य कर रही हैं।

### निटिंग डिविजन

कम्पनी परिसर में नीटिंग एवं टेक्सच्राइज उत्पादन किया जा रहा है, जिसमें 300 टन मासिक (लगभग) में निटिंग फैब्रिक का उत्पादन कर रही है।

**सप्लाई सेक्टर-** कम्पनी में क्वालिटियों की व्यापक रेंजे मौजूद है। कम्पनी के बायर्स में कई प्रतिष्ठित फैब्रिक मैन्यूफैक्चरर्स, रेडीमेड गारमेण्ट निर्माता, यूनिफॉर्म तथा फैंसी वस्त्र उत्पादक शामिल हैं। इन प्रतिष्ठित ग्राहकों में उल्लेखनीय नाम भारतीय सेना का भी है, जिसके कठोर क्वालिटी मापदण्ड सर्वविदित हैं। कम्पनी डोमेस्टिक सप्लाई के अलावा दो कण्टेनर प्रतिमाह अपना माल एक्सपोर्ट भी कर रही है। बेहतर प्रबंधन वी. एन. डायर्स एण्ड प्रोसेसर्स प्रा. लि. का सम्पूर्ण कार्य काफी सक्षम, अनुभवी व निदेशक श्री विष्णु प्रसाद अजीतसरिया के हाथों में है तथा कम्पनी का विजन अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक श्रेष्ठ टेक्सटाइल कम्पनी के रूप में उभरना है। कम्पनी में सम्पूर्ण वर्क फोर्स श्रेष्ठ एवं प्रतिभावान लोगों से गतिशील है जो सभी अपने विषय में महारत रखते हैं एवं कम्पनी भी इनको कार्य हेतु सदैव बढ़िया वातावरण उपलब्ध कराती है।

**वीविंग सेक्टर-** कम्पनी के प्लाण्ट में लेटेस्ट तकनीक की सल्जर एवं एयरजेट लूम स्थापित है जिसमें 27 एयरजेट संचालित है और क्षमता विस्तार करते हुए 27 एयरजेट मशीन और स्थापित की गई इसके पश्चात कुल 54 एयरजेट रनिंग में कार्यरत है। गौरतलब है कि ये एयरजेट मॉर्डन तकनीक को जापान से इम्पोर्ट किये गये है।



**ऊर्जा निवेश-** रिन्यूएबल एनर्जी की ओर कदम बढ़ाती कम्पनी बिजली उत्पादन क्षेत्र के तहत फैक्ट्री परिसर में 1600 किलो वाट का सोलर प्लाण्ट स्थापित कर चुकी है। कम्पनी प्लाण्ट की छतो का भी उपयोग करते हुए पेनल लगा चुकी है।

